डाक पंजीयन क्र./छ.ग./रायपुर संभाग/14/2024-2026

आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या CHHHIN/2002/09534

# रोजगार और नियोजन

वर्ष-22, अंक-16 , रायपुर (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित

25 सितबंर 2024, बुधवार, पृष्ठ संख्या 24, नि:शुल्क

## प्राधिकरणों के कामकाज में जनता की भागीदारी

### साय सरकार का प्राधिकरणों के कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने पर जोर, पुनर्गठन आदेश में संशोधन के प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी

छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार ने प्राधिकरणों के कामकाज में पारदर्शिता लाने तथा उनके सामने संसाधनों का संकट दूर करने के लिए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लिया है। 20 सितंबर को साय कैबिनेट ने विकास प्राधिकरण के पुनर्गठन आदेश में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस पहल से योजनाओं के क्रियान्वयन का ऐसा मंच जिसके अध्यक्ष स्वयं मुख्यमंत्री हैं, उसमें पंचायती राज के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति जनता से जुड़े मुद्दों का प्रभावी समाधान करेगी।



**कैबिनेट के अन्य निर्णय**

- स्वेच्छानुदान से 262 व्यक्ति एवं संस्थाओं को 4 करोड़ 56 लाख 72 हजार रूपये स्वीकृत ।
- भूखण्डों का पुनर्गठन और प्रदेश में स्वीकृत विकास योजना के क्रियान्वयन हेतु नीति का अनुमोदन ।

### मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण
**(स्थापना : 2019 )**

मुख्यमंत्री इस प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा क्षेत्र के विधायक (अ.ज.जा. आरक्षित) उपाध्यक्ष होंगे।



- **उपाध्यक्ष** : प्रणव कुमार मरपच्ची, विधायक, मरवाही
- **कार्य** : राज्य के मैदानी क्षेत्र , जहां अनुसूचित जनजातियों की 25 प्रतिशत से अधिक आबादी है, उन क्षेत्रों के गांवों और ब्लॉक में विकास कार्य

### बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण
**(गठन: 2004, पुर्नगठन 2019)**

मुख्यमंत्री जी इस प्राधिकरण के अध्यक्ष और प्राधिकरण क्षेत्र के निर्वाचित विधायक (अ.ज.जा. आरक्षित) इसके उपाध्यक्ष होंगे। पूर्व में सदस्य के रूप में शामिल मात्र दो मंत्रियों के स्थान पर अब राज्य मंत्रिमण्डल के समस्त मंत्रीगणों, प्राधिकरण क्षेत्र के राज्यसभा, लोकसभा के सांसद तथा प्राधिकरण क्षेत्र के जनजातीय बाहुल्य जिलों के जिला पंचायत अध्यक्ष को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। आदिवासी विकास से जुड़े अधिकतम दो समाजसेवी व विशेषज्ञ (राज्य शासन द्वारा मनोनीत), मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव/सचिव आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग इस प्राधिकरण के सदस्य तथा मुख्यमंत्री जी के प्रमुख सचिव/सचिव इसके सदस्य सचिव होंगे।



- **उपाध्यक्ष** : लता उसेंडी, विधायक, कोण्डागांव
- **कार्य** : आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति के विकास से जुडें कार्य

### सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण
**(स्थापना :2004 )**

मुख्यमंत्री इस प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं क्षेत्र के विधायक उपाध्यक्ष होंगे। पूर्व में सदस्य के रूप में शामिल आदिम जाति कल्याण विभाग मंत्री एवं वित्त मंत्री के स्थान पर अब राज्य मंत्रिमण्डल के समस्त मंत्रीगण प्राधिकरण के सदस्य होंगे। प्राधिकरण क्षेत्र के राज्यसभा, लोकसभा के सांसद, प्राधिकरण क्षेत्र के जनजाति बाहुल्य जिलों के जिला पंचायत अध्यक्ष भी अब प्राधिकरण के सदस्य होंगे। आदिवासी विकास से जुड़े अधिकतम दो समाजसेवी व विशेषज्ञ, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव/सचिव आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग प्राधिकरण के सदस्य तथा मुख्यमंत्री जी के प्रमुख सचिव/सचिव प्राधिकरण के सदस्य सचिव होंगे।



- **उपाध्यक्ष** : गोमती साय, विधायक, पत्थलगांव
- **कार्य** : सरगुजा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा,पेयजल, जल संरक्षण, पशु सेवाएं, जैविक खाद, कौशल उन्नयन जैसे कार्य

### अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण
**(स्थापना : 2004 )**

मुख्यमंत्री इस प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा विधायक (अ.जा. आरक्षित) प्राधिकरण के उपाध्यक्ष होंगे। राज्य मंत्रिमण्डल के दो मंत्रियों के स्थान पर अब राज्य मंत्रिमण्डल के सभी मंत्रीगणों, संबंधित क्षेत्र के राज्यसभा, लोकसभा के सांसद, प्राधिकरण क्षेत्र के जिला पंचायत अध्यक्ष (अ.जा.), अनुसूचित जाति विकास से जुड़े अधिकतम दो समाजसेवी व विशेषज्ञ (राज्य शासन द्वारा मनोनीत), मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव/सचिव आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग प्राधिकरण के सदस्य तथा मुख्यमंत्री जी के प्रमुख सचिव/सचिव इस प्राधिकरण के सदस्य सचिव होंगे।



- **उपाध्यक्ष** : गुरु खुशवंत साहेब, विधायक, आरंग
- **कार्य** : रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, धमतरी, महासमुंद,कवर्धा,बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर जिले में अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों का विकास।

### छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण
**(स्थापना : 2012 )**

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के पुनर्गठन आदेश में प्रस्तावित संशोधन को मंत्रिमण्डल ने मंजूरी दी, जिसके तहत मुख्यमंत्री प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं क्षेत्र के विधायक उपाध्यक्ष होंगे। इस प्राधिकरण में सदस्य के रूप में शामिल पूर्व में मात्र तीन विभागों के मंत्री के स्थान पर अब राज्य मंत्रिमण्डल के समस्त मंत्रीगणों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। प्राधिकरण क्षेत्र के राज्यसभा, लोकसभा के सांसद, प्राधिकरण क्षेत्र के जिला पंचायत अध्यक्ष प्राधिकरण के सदस्य होंगे। प्रमुख सचिव/सचिव आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग को प्राधिकरण के सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।



- **उपाध्यक्ष** : ललित चंद्राकर, विधायक, दुर्ग ग्रामीण
- **कार्य** : नगर पालिका एवं नगर निगम क्षेत्र को छोड़कर समस्त छत्तीसगढ़ के क्षेत्र में अधोसंरचना निर्माण कार्य

### रोजगार और नियोजन अब डीपीआर की वेबसाइट पर भी
**(शीघ्र ही एप पर भी लॉन्च किया जाएगा)**

छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुरूप राज्य के प्रतिष्ठित समाचार पत्र रोजगार और नियोजन अब डीपीआर की वेबसाइट https://dprcg.gov.in/



पर ऑनलाइन उपलब्ध हो रहा है। इससे पाठकों को नवीनतम नौकरी के अवसरों, करियर सलाह, और विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाओं की जानकारी आसानी से मिल सकेगी। अब अपने स्मार्टफोन, टैबलेट या कंप्यूटर पर समाचार पत्र को एक्सेस कर सकते हैं।

## छत्तीसगढ़ के बच्चों के उज्जवल भविष्य की नींव : पीएम श्री स्कूल

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत राज्य में पीएमश्री स्कूलों की संख्या 263 से बढ़कर 341 हो गई है।

छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार बच्चों और युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। राज्य की 78 और स्कूलों को पीएम श्री योजना में शामिल कर उसे मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है। अब तक प्रदेश में 263 पीएमश्री स्कूल स्वीकृत किए गए थे, नई स्वीकृति मिलने से यह संख्या बढ़कर अब 341 हो गई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि यह हर्ष का विषय है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है और इस दिशा में लगातार नए फैसले ले रहे हैं।

**भारत सरकार द्वारा पीएम श्री योजना के अंतर्गत कुल शालाएं 341 स्वीकृत की गई है।**

| चरण | शाला |
|---|---|
| प्रथम चरण | 211 |
| द्वितीय चरण | 00 |
| तृतीय चरण | 52 |
| चौथे चरण | 78 |

पीएम श्री योजना में शामिल इन स्कूलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत उत्कृष्ट विज्ञान प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, व्यावसायिक लैब्स की व्यवस्था होगी, जो शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाईयों पर ले जाएगी। प्रथम चरण में पीएम श्री योजना के तहत स्वीकृत शालाओं को अपग्रेड किया जा चुका है, वहीं तृतीय चरण में स्वीकृत शालाओं को अपग्रेड किया जा रहा है।

इन स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम, विज्ञान और गणित के लिए अत्याधुनिक लैब्स, खेल सुविधाएं, और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। चौथे चरण में शामिल सभी 78 शालाएं कक्षा पहली से 12 वीं तक की हैं। राज्य में पीएम श्री योजना का शुभारंभ 19 फरवरी 2024 को केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने किया था। 2-2 करोड़ रूपए व्यय कर आदर्श स्कूल के रूप में विकसित करने की योजना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप पीएम श्री योजना के अंतर्गत शालाओं को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने का लक्ष्य है।

## रोजगार सूचना

**यूपीपीएससी**
पदः असिस्टेंट रजिस्ट्रार
पद संख्याः 38
अंतिम तिथिः 28 सितंबर 2024
https://uppsc.up.nic.in/

**एनटीपीसी**
पदः डिप्टी मैनेजर
पद संख्याः 250
अंतिम तिथिः 28 सितंबर 2024
https://ntpc.co.in/

**आईटीबीपी**
पदः हैड कॉन्स्टेबल ड्रेसर व अन्य
पद संख्याः 128
अंतिम तिथिः 29 सितंबर 2024
www.itbpolice.nic.in

**आरयूएचएस**
पदः मेडिकल ऑफिसर
पद संख्याः 1220
अंतिम तिथिः 1 अक्टूबर 2024
https://ruhsraj.org/

**एसबीआई**
पदः स्पेशलिस्ट कैडर ऑफिसर
पद संख्याः 1497
अंतिम तिथिः 4 अक्टूबर 2024
www.onlinesbi.sbi

**डीआरडीओ**
पदः अप्रेंटिस
पद संख्याः 54
अंतिम तिथिः 7 अक्टूबर 2024
www.drdo.gov.in/drdo/

**एक्जिम बैंक**
पदः मैनेजमेंट ट्रेनी
पद संख्याः 50
अंतिम तिथिः 7 अक्टूबर 2024
www.eximbankindia.in


**रोजगार और नियोजन**
प्रधान संपादक : मयंक श्रीवास्तव
संपादक : जवाहर लाल दरियो
सहायक संपादक : गीतांजलि नेताम
संपादकीय सलाहकार : अरविन्द मिश्रा
वितरण व्यवस्था : मोहन मिश्रा, विक्रांत
संपादकीय सहयोग : संदीप सिन्हा
ग्राफिक डिजाइनर : धनेश कुमार दिवाकर
डाटा एंट्री आपरेटर : अंजुरानी, राकेश साहू

- कार्यालय पता -
छत्तीसगढ़ संवाद
(छत्तीसगढ़ शासन जनसंपर्क विभाग का उपक्रम)
नार्थ ब्लॉक, सेक्टर 19,
अटल नगर, नवा रायपुर (छत्तीसगढ़)
फोन-0771-2512582, 2512583
ईमेल पता
rojgaraurniyojan@gmail.com

रोजगार और नियोजन निःशुल्क है।


रोजगार और नियोजन में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। रोजगार और नियोजन में प्रकाशित होने वाले लेखों के लिए लेखकों को नियमानुसार मानदेय प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र रायपुर रहेगा।

## पिक ऑफ द वीक



कोटमसर गुफा अपनी कैल्शियम कार्बोनेट से निर्मित अद्भुत आकृतियों और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है।

# एकात्म मानववाद से अंत्योदय की सेतु साय सरकार

छत्तीसगढ़ सरकार में अंत्योदय का मंत्र जनकल्याण का सेतु बन रहा

पं. दीनदयाल जी ने भारत के मूल चरित्र को समझा इसके आधार पर ही उन्होंने विकास के पाश्चात्य मॉडल को अहितकारी करार दिया। वह ज्ञान आधारित साझेदारियों के समर्थक थे किन्तु कहते थे, भारत का विकास भारत की भाषा, भाव और भावना के आधार पर हो। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र से लेकर उसकी विभिन्न राज्य सरकारों में अंत्योदय का मंत्र जनकल्याण का सेतु बन रहा है।

छत्तीसगढ़ में सीएम विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट में 18 लाख पीएम आवास से जुड़ी फाइल को स्वीकृति देकर इसकी एक बानगी प्रस्तुत की। यह सबकुछ सरकार गठन के 24 घंटे के भीतर हुआ। चुनाव में राजनीतिक दल जनता के समक्ष अपने कार्यक्रम प्रस्तुत करते हैं। इसके आधार पर उन्हें जनता का प्रतिसाद मिलता है। अंत्योदय की दृष्टि से यदि हम साय सरकार के कार्यों का मूल्यांकन करें तो 9 महीने के भीतर उसने जिस तरह राजनीतिक प्रतिबद्धताओं को पूरा किया है, उससे एक नई राजनीतिक कार्यशैली का जन्म हुआ है। राजनीतिक घोषणाएं अब जनता के समक्ष भरोसे का आवरण प्राप्त कर रही हैं। ऐसे में वही दल अब राजनीतिक समर्थन प्राप्त करने में कामयाब होंगे, जिनकी कथनी-करनी में भेद नहीं होगा। छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाएं फिर चाहे वह हर महीने महिलाओं को एक हजार रुपये देने वाली महतारी वंदन हो या किसान उन्नति योजना अथवा तेंदुपत्ता की संग्रहण राशि में वृद्धि, इनमें एक समग्रता है। यह किसी एक वर्ग के आर्थिक उत्थान मात्र तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनमें समग्र रूप से सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के उपक्रमों का समायोजन है। एकात्म मानववाद दर्शन कहता है, समाज का आधार संघर्ष नहीं सहयोग है।

नक्सलवाद का चरित्र विकास विरोधी होने के साथ गैर लोकतांत्रिक है। ऐसे में जिस तरह पिछले 9 महीने के कार्यकाल में 156 वामपंथी उग्रवादियों को पुलिस ने ढेर किया है वह लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में कानून की सर्वोच्चता का बेहतरीन उदाहरण है। छत्तीसगढ़ ने अंत्योदय के मार्ग पर बढ़ते हुए नक्सलवाद के उन्मूलन के लिए अंत्योदय के उस मार्ग को अपनाया है जो संवाद को वरीयता देता है। आत्मसमर्पण के लिए प्रोत्साहन तथा खूंखार नक्सलियों के पुनर्वास की बेहतरीन सुविधाएं

छत्तीसगढ़ को जनकल्याणकारी राज्य के आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित करती हैं। नियद नेल्लानार से लेकर शहीद वीरनाराणय स्वास्थ्य योजनाएं, हर घर नल जल तथा माओवाद प्रभावित जिलों में बिना ब्याज के ऋण सुविधा तथा पर्यावरण अनुकूल कृषि को प्रोत्साहन अंत्योदय की व्यावहारिक परिणीति ही तो हैं। पं. दीनदयाल उपाध्याय स्वत्व के आधार पर विकास के प्रवर्तक थे। साय सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने के साथ 8वीं तक के बच्चों को मातृभाषा में शिक्षा देने के लिए 18बोली भाषा में पाठ्यपुस्तकों का प्रकाशन प्रारंभ किया है। एमबीबीएस की पढ़ाई हिंदी में कराने के साथ हल्बी और गोंडी जैसी आदिम भाषाओं के संवर्धन हेतु राज्य सरकार के प्रयास भारतीयता के मूल को सुदृढ़ कर रहे हैं। संस्कृति किसी भी राष्ट्र की आत्मा कही जाती है।

छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक उत्थान के नव शिखर की ओर प्रशस्त है। भांचा राम के धाम अयोध्या हेतु निःशुल्क यात्रा की सुविधा हो या फिर स्थानीय भजन मंडली के साथ मेलों को सरकार द्वारा दी जा रही आर्थिक मदद यह मानवीय जीवन के सर्वांगीण विकास के प्रेरक अनुष्ठान हैं। गरीब, किसान व आदिवासी समाज से आने वाले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अगुआई में छत्तीसगढ़ वर्तमान को बेहतर बनाते हुए भविष्य की ऐसी आधारशीला रख रहा है जो प्रदेश के 3 करोड़ नागरिकों के सक्रिय सहकार पर आधारित है।

## छात्रवृत्ति के लिए 30 अक्टूबर तक आवेदन

छत्तीसगढ़ में शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2024 निर्धारित की गई है। विद्यार्थी वेबसाइट https://postmatric-scholarship.cg.nic.in/ पर आवेदन कर सकते हैं। बैंक खाता आधार से जुड़ा और सक्रिय होना चाहिए, क्योंकि छात्रवृत्ति का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से होगा। अनुसूचित जाति और जनजाति के विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से ओटीआर की प्रविष्टि करनी होगी।

## इसरो में 103 पदों पर भर्ती अंतिम तिथि 9 अक्टूबर

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन में मेडिकल ऑफिसर, साइंटिस्ट, इंजीनियर समेत अन्य पदों पर नौकरी निकली है। ऑफिशल वेबसाइट www.isro.gov.in पर जाकर उम्मीदवार अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अंतिम तिथि 9 अक्टूबर 2024 निर्धारित किया गया है। शैक्षणिक योग्यताः किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, ग्रेजुएशन या एमटेक, एमई, एमबीबीएस, एमडी की डिग्री होनी चाहिए। आयु सीमा न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम 28 से 35 वर्ष, आरक्षित वर्गों के उम्मीदवारों को नियमानुसार छूट दी जाएगी। आवेदन शुल्कः निःशुल्क है। कैसे करें आवेदन ऑफिशल वेबसाइट www.isro.gov.in पर जाए।

## स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में 1497 पदों पर होगी भर्ती

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में 1497 से ज्यादा पदों पर नौकरी निकली है। उम्मीदवार एसबीआई (SBI) की ऑफिशल वेबसाइट sbi.co.in पर जाकर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अंतिम तिथि 4 अक्टूबर 2024 निर्धारित किया गया है। आयु सीमाः डिप्टी मैनेजर के लिए 25 से 35 साल, असिस्टेंट मैनेजर के लिए 21 से 37 साल, आयु की गिनती 30 जून 2024 के आधार पर की जाएगी। कैसे करें आवेदन : ऑफिशियल वेबसाइट sbi.co.in पर जाएं। होम पेज पर कैरियर टैब पर क्लिक करें। स्क्रीन पर एक नया पेज खुलेगा। यहां अपना रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरें। जरूरी डॉक्यूमेंट अपलोड करें। फॉर्म सबमिट करें। इसका प्रिंटआउट लेकर रखें।

## आजीविका मिशन में 237 पदों पर भर्ती को दी मंजूरी

राष्ट्रीय आजीविका मिशन में 237 पदों पर नई भर्ती की जाएगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन में भर्ती के प्रस्ताव को वित्त विभाग ने मंजूरी प्रदान कर दी है। जिसमें राज्य स्तर के कुल 09 और जिला स्तरीय 228 पद शामिल हैं। राज्य स्तरीय पदों में सहायक राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, सहायक राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, प्रोग्रामर व लेखापाल के एक-एक पद एवं भृत्य के दो पदों पर भर्ती की स्वीकृति दी गई है। इन पदों पर भर्ती होने से मिशन की योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकेगा।

## रेलवे में अप्रेंटिस के 1679 पदों पर निकली भर्ती

रेलवे भर्ती सेल, उत्तर-मध्य रेलवे (RRC, NCR) ने विभिन्न ट्रेड्स में अप्रेंटिस अधिनियम के तहत अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग के लिए भर्ती नोटिफिकेशन जारी किया है। उम्मीदवार ऑफिशल वेबसाइट rrceer. gov.in पर जाकर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2024 निर्धारित किया गया है।

**शैक्षणिक योग्यताः** मान्यता प्राप्त बोर्ड से न्यूनतम 50% अंकों के साथ एसएससी, 10वीं या इसके समकक्ष परीक्षा पास होना चाहिए। भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एनसीवीटी, एससीवीटी द्वारा जारी संबंधित ट्रेड में आईटीआई पास होना जरूरी है।

**कैसे करें आवेदनः** ऑफिशियल वेबसाइट rrcecr.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। होम पेज पर दिए गए लिंक पर आरआरसी (एनसीआर) की वेबसाइट पर लॉगिन करें। पर्सनल डिटेल्स दर्ज करें। रजिस्ट्रेशन के समय उम्मीदवारों के पास आधार कार्ड होना चाहिए। उम्मीदवारों को 12 अंकों का आधार कार्ड नंबर भरना होगा।

## भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) ने 345 पदों पर भर्ती

भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) ने 345 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस वैकेंसी के तहत असिस्टेंट डायरेक्टर, पर्सनल असिस्टेंट, असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर, स्टेनोग्राफर, सीनियर सेक्रेटेरिएट असिस्टेंट सहित विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, और इच्छुक उम्मीदवार 30 सितंबर 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार BIS की आधिकारिक वेबसाइट bis.gov.in पर जाकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और आवेदन कर सकते हैं।

# कार्यालय कलेक्टर, जिला गरियाबंद (छत्तीसगढ़)

-: सूचना पत्र :-

क्रमांक / 55 वित्त-स्था./ सीधी भर्ती / 2024 गरियाबंद, दिनांक 17/09/2024

राजस्व विभाग गरियाबंद में स्टेनोटाईपिस्ट के रिक्त पदो पर भर्ती हेतु दिनांक 29.09.2024 (दिन-रविवार) को प्रातः 09:00 बजे से 11:00 बजे तक परीक्षा आयोजित की जावेगी।

परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र दिनांक 17.09.2024 से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थी जिला गरियाबंद की आधिकारिक वेबसाईट https://gariaband.gov.in/ में दिए गए लिंक https://eservices.gariaband.gov.in/recruitment पर क्लिक करके अपना Application Number एवं जन्मतिथि डालकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड एवं प्रिंट कर सकते हैं। परीक्षार्थियों को डाकघर के माध्यम से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जायेगा। यह उचित होगा कि, परीक्षार्थी परीक्षा दिवस के एक दिन पूर्व ही अपने परीक्षा केन्द्र की भौगोलिक स्थिति से भलीभांति परिचित हो जावें। किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश पत्र / परीक्षा केन्द्र के संबंध में कठिनाई होती हैं तो मोबाईल नंबर 9575479012 पर कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं।

अपर कलेक्टर
गरियाबंद

**आर. ओ.131/जी-242502584.4**

# संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें

## स्वास्थ्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, अटल नगर, जिला रायपुर छत्तीसगढ़

क्र./प्रशि./14/01/24/257660 नवा रायपुर, दिनांक 07/09/2024

**छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय एवं निजी जनरल नर्सिंग मिडवायफरी (GNM) प्रशिक्षण केन्द्रों के शासकीय व निजी नियतांश की सीटों में प्रवेश सत्र 2024-25 हेतु ऑनलाईन काउंसिलिंग की सूचना**

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित जनरल नर्सिंग मिडवायफरी (GNM) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रदेश के शासकीय एवं निजी जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्रों की समस्त सीटों की संख्या, समय सारिणी के अनुसार ऑनलाईन काउंसिलिंग की जायेगी। जनरल नर्सिंग मिडवायफरी (जी.एन.एम.) प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रवेश प्रक्रिया छत्तीसगढ़ राजपत्र चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक एफ 21-01/2019/नौ/55-4, अटल नगर दिनांक 07 मई 2019 एवं संशोधन दिनांक 2 फरवरी 2022 के अनुसार संपादित की जाएगी। ऑनलाईन काउंसिलिंग के लिए संक्षिप्त विज्ञापन, प्रवेश नियम एवं ऑनलाईन फार्म पंजीयन (Form Registration) लिंक, शासकीय एवं निजी जी.एन.एम. प्रशिक्षण केन्द्रों की जिलेवार सूची आरक्षण रोस्टर सहित अन्य जानकारी विभागीय वेब-साईट www.cghealth.nic.in पर उपलब्ध है।

| क्र. | विवरण | तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन आवेदन / फार्म भरने की प्रारंभ तिथि | दिनांक 25.09.2024 प्रातः 11:00 बजे से |
| 2 | ऑनलाईन आवेदन / फार्म भरने की अंतिम तिथि | दिनांक 03.10.2024 सायं 4:00 बजे तक |
| 3 | प्रवीण्य सूची का वेब साइट पर प्रकाशन एवं प्रथम आबंटन सूची का प्रकाशन | दिनांक 04.10.2024 से 07.10.2024 |
| 4 | स्क्रूटनी एवं फिट उम्मीदवारों की प्रवेश प्रक्रिया | दिनांक 08.10.2024 से 10.10.2024 |
| 5 | द्वितीय आबंटन सूची का प्रकाशन | दिनांक 14.10.2024 से 15.10.2024 |
| 6 | स्क्रूटनी एवं फिट उम्मीदवारों की प्रवेश प्रक्रिया | दिनांक 16.10.2024 से 18.10.2024 |
| 7 | मॉप-अप राउण्ड के लिए च्वाईस फिलिंग | दिनांक 19.10.2024 से 21.10.2024 |
| 8 | मॉप-अप आबंटन का प्रकाशन | दिनांक 23.10.2024 से 24.10.2024 |
| 9 | स्क्रूटनी एवं फिट उम्मीदवारों की प्रवेश प्रक्रिया | दिनांक 25.10.2024 से 27.10.2024 |
| 10 | रिक्त सीटों के लिए विद्यार्थियों की अग्रेषित सूची का प्रकाशन | दिनांक 28.10.2024 |
| 11 | रिक्त सीट पर प्रवेश | दिनांक 29.10.2024 से 30.10.2024 |

(टीप - जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण सत्र 2024-25 पूर्णतः ऑनलाईन काउंसिलिंग प्रक्रिया है जिसमें कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी एवं कार्यालय अवकाश दिवस में ऑनलाईन काउंसिलिंग की प्रक्रिया की जा सकती है।)

संचालक
स्वास्थ्य सेवायें
छत्तीसगढ़

**आर. ओ.132/जी-242502626.4**

# कार्यालय आयुक्त

## आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग

:: संचालनालय ::

**ब्लॉक-डी, भूतल इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर (छ०ग०)**

क्रमांक/आदि०यो०/05/2024-25/63 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 19.9.2024

**"शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति सम्मान वर्ष 2024 के लिए प्रविष्टियां आमंत्रण हेतु द्वितीय विज्ञप्ति**

छत्तीसगढ़ राज्य में आदिवासी सामाजिक चेतना जागृत करने तथा उनके उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक व्यक्ति को सम्मानित कर प्रोत्साहित करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह की स्मृति में प्रदेश स्तर का सम्मान स्थापित किया गया है। वर्ष 2024 हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित है।

**1. सम्मान का स्वरूप :-**

उक्त सम्मान के अंतर्गत रूपये दो लाख नगद राशि एवं प्रतीक चिन्ह युक्त प्रशस्ति पटिट्का दी जाएगी, सम्मान की नगद राशि एक व्यक्ति को दी जा सकती है।

**2. आवेदन / प्रविष्टियां भेजने की समयावधि :-**

2.1 पुरस्कार के लिए आवेदन पत्र / प्रविष्टियां, समाज सेवी व्यक्ति द्वारा बंद लिफाफे में स्वयं उपस्थित होकर अथवा डाक द्वारा दिनांक 03.10.2024 सायं0 5.00 बजे तक सचिव, छ०ग०राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग, शहीद भगत सिंह चौक शंकर नगर रोड पुराना लोक सेवा आयोग परिसर "ब्लाक-ए" रायपुर छ.ग. में जमा की जायेगी। उक्त तिथि को निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त प्रविष्टि/आवेदन पर विचार किया जाना संभव नही होगा। डाक संबंधी विलंब के लिए यह कार्यालय उत्तरदायी नही होगा।

2.2 योजना नियमावली विभागीय वेबसाईट www.cgtribal.gov.in पर उपलब्ध है।

2.3 प्रविष्टियां/आवेदन पत्र के लिफाफे पर "शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति सम्मान वर्ष 2024 अंकित होना चाहिए।

**3. प्रविष्टियां/आवेदन के मापदण्ड**

सम्मान के लिए प्रविष्टियां / आवेदन निम्नांकित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए प्रस्तुत किए जा सकते है :-

1. व्यक्ति का पूर्ण परिचय ।
2. आदिवासियों में सामाजिक चेतना जागृत करने तथा उनके उत्थान के लिए किये गये कार्यों को सप्रमाण विस्तृत जानकारी ।
3. यदि कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो तो उसका विवरण ।
4. सामाजिक आर्थिक व शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य तथा इनके सैद्धांतिक पक्ष के विषय में प्रकाशित साहित्य की फोटो प्रति (सत्यापित) ।
5. आदिवासियों में सामाजिक चेतना जागृत करने तथा उनके उत्थान के क्षेत्र में उसके उत्कृष्ट कार्य के संबंध में प्रख्यात पत्र/पत्रिकाओं/ग्रंथ के माध्यम से उपलब्ध साहित्य ।
6. व्यक्ति के निरंतर एवं निर्विवाद होने के बारे में जिलाध्यक्ष का नवीनतम (ताजा) प्रमाण पत्र ।
7. चयन होने की दशा में सम्मान ग्रहण करने के बारे में व्यक्ति की सहमति।
8. जूरी अथवा उसके किसी सदस्य अथवा प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा व्यक्ति के कार्यों के प्रत्यक्ष आकलन के संबंध में सहमति ।
9. चयन के लिये नियमों में निर्दिष्ट मानदण्डों के अलावा कोई और शर्तें लागू नहीं होगी ।
10. एक बार चयन नही होने का अभिप्राय यह नहीं होगा कि संबंधित व्यक्ति का कार्य दोबारा पुरस्कार हेतु विचारणीय नही हैं।
11. प्रविष्टि में अंतर्निहित तथ्यों / जानकारी के अलावा अन्य पश्चातवर्ती पत्र व्यवहार पर पुरस्कार के संबंध में कोई विचार नहीं किया जावेगा।
12. प्रविष्टि में दिये गये तथ्यों / निष्कर्षों / प्रमाणों का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व प्रविष्टिकर्ता का रहेगा। इस मामलें में राज्य शासन किसी भी विवाद में पक्ष नहीं माना जायेगा।
13. व्यक्ति को आवेदन में इस आशय की अण्डरटेकिंग देना होगा कि ज्युरी अथवा उसके किसी भी सदस्य अथवा प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा व्यक्ति के कार्यों का प्रत्यक्ष आंकलन किया जा सकता है। इस हेतु वे (व्यक्ति) सहमत हैं। इसी प्रकार चयन होने की दशा में सम्मान ग्रहण करने की सहमति देनी होगी।

(संजय गौड़)
प्रभारी आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर अटल नगर (छ०ग०)

**आर. ओ.133/जी-242502646.3**

# संचालनालय कृषि, छत्तीसगढ़


## इन्द्रावती भवन, ब्लॉक-2, प्रथम एवं द्वितीय तल, नवा रायपुर, अटल नगर-492002

**E mail ID: diagricg.cg@nic.in Phone No. 0771-2511630**


ज्ञापन क्रमांक / स्था./अ-1-ब (1) / सी.भ.-05-2023/596 रायपुर दिनांक 18/09/2024

## ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन का शुद्धि पत्र

संचालनालय कृषि द्वारा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के कुल 305 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन क्र./स्था. / अ-1-ब (1) / सी.भ.-05-2023/700 दिनांक 27.09.2023 जारी कर छ.ग. व्यवसायिक परीक्षण मंडल रायपुर के माध्यम से परीक्षा आयोजित की गई, जिसका परिणाम छ.ग. व्यवसायिक परीक्षण मंडल रायपुर द्वारा माह मार्च 2024 में घोषित किया जा चुका है।

2. इसी अनुक्रम में छ.ग. शासन, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन के पत्र क्रमांक एफ-03-08/2024/14-1 दिनांक 17.09.2024 के माध्यम से वित्त विभाग की सहमति से ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के 305 पदों के स्थान पर 321 पदों को सीधी भर्ती के माध्यम से भरने की अनुमति प्रदान करते हुए उक्त 321 पदों पर अभ्यर्थियों की नियुक्ति व्यापम द्वारा मार्च 2024 में घोषित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के परीक्षा परिणामों में से वरीयता सूची के आधार पर वर्गवार रिक्तियों के अनुसार किए जाने तथा पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन दिनांक 27.09.2023 का शुद्धिपत्र जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

3 ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के 305 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु जारी विद्यापन दिनांक 27.09.2023 के अनुकम में छ.ग. व्यवसायिक परीक्षा मंडल की वेबसाईट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन के "महत्वपूर्ण टीप" के बिन्दु क्रमांक-1 अनुसार "पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है" तथा विस्तृत विज्ञापन के बिन्दु क्रमांक-4 (2) अनुसार "राज्य में सीधी भर्ती के पदो के लिये लागू महिला आरक्षण, भूतपूर्व सैनिक के लिये आरक्षण एवं दिव्यांगजनों के लिये आरक्षण के संबंध में जारी किये गये नियम/निर्देश लागू होंगे" उल्लेखित है।

4. उपरोक्तानुसार विस्तृत विज्ञापन में उल्लेखित बिन्दुओं तथा छ.ग. शासन, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन के पत्र कमांक एफ-03-08/2024/14-1 दिनांक 17.09.2024 के आधार पर छ.ग. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर के परिपत्र क्र. एफ 13-4/2015/आ.प्र./1-3 दिनांक 24.02.2015 एवं छ.ग. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर के परिपत्र क्र. एफ 13-2/2014/आ.प्र./1-3 दिनांक 14.07.2017 तथा भूतपूर्व सैनिकों हेतु 10 प्रतिशत आरक्षण नियमों का पालन करते हुए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु प्रकाशित विज्ञापन दिनांक 27.09.2023 एवं छ.ग. व्यवसायिक परीक्षा मंडल की वेबसाईट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन की कंडिका (रिक्त पदों का विवरण) में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के समक्ष अंकित पदों की संख्या में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है-

| पद का नाम | | (अ) कुल पद श्रेणीवार | | | | | (ब) कॉलम (अ) में दर्शाये गये रिक्त पदों में से महिलाओं के लिए आरक्षित पदों की संख्या 30% | | | | | (स) कॉलम (अ) में दर्शाये गये कुल पदों में से दिव्यांग श्रेणी के लिए 7% | दिव्यांग श्रेणी के लिये बैकलॉग के पद | (इ) कॉलम (अ) में दर्शाये गये रिका सैनिकों के लिये 10% | | | | | महायोग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | UR | SC | ST | OBC | योग | UR | SC | ST | OBC | योग | | | UR | SC | ST | OBC | योग | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी | प्रथम विज्ञापित पद | 113 | 32 | 87 | 38 | 270 | 33 | 9 | 26 | 11 | 79 | 19 | 0 | 11 | 3 | 8 | 3 | 25 | 270 |
| | बैकलॉग पद | 0 | 0 | 8 | 1 | 09 | 0 | 0 | 2 | 0 | 2 | 0 | 42 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 51 |
| | योग | 113 | 32 | 95 | 39 | 279 | 33 | 9 | 28 | 11 | 81 | 19 | 42 | 11 | 3 | 8 | 3 | 25 | 321 |

विज्ञापन क्र. / स्था./अ-1-ब (1) / सी.भ.-05-2023/700 दिनांक 27.09.2023 एवं छ.ग. व्यवसायिक परीक्षा मंडल की वेबसाईट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन की शेष समस्त शर्तें / कंडिकायें यथावत रहेगी।

अपर संचालक कृषि
संचालनालय कृषि छ.ग. रायपुर

**आर. ओ.134/जी-242502627.6**

---

# कार्यालय प्राचार्य, उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलीटेक्निक दुर्ग, 491001


**OFFICE OF THE PRINCIPAL, U.P.U. GOVERNMENT POLYTECHNIC DURG (CHHATTISGARH) 491001**

**Telephone & Fax No-0788-2323548 Web Site:-www.polydurg.ac.in E mail:- polydurg@rediffmail.com**


क्रमांक/शापोदु/विद्युत/2024/2227 दुर्ग, दिनाँक 19.09.2024

## मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत निम्न पाठ्यक्रम में निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण हेतु 18 से 45 आयु वर्ग के पात्र अभ्यर्थियों से दिनांक 08.10.2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है:-

| स.क. | प्रशिक्षण केन्द्र (व्ही.टी.पी.) | कोर्स का नाम | कोर्स कोड | अवधि | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलीटेक्निक, दुर्ग | इलेक्ट्रीशियन डोमेस्टिक सॉल्यूशन | PSS/Q6001 | 350 घंटा | आठवीं पास |

प्रशिक्षण हेतु इच्छुक आवेदक दो पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड एवं शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र के साथ कार्यालय प्राचार्य, उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलीटेक्निक, दुर्ग में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन फार्म व कोर्स की विस्तृत जानकारी हेतु संस्था के वेबसाईट www.polydurg.ac.in का अवलोकन कर सकते हैं।

प्राचार्य
उ.प्र.उ. शासकीय पॉलीटेक्निक, दुर्ग

**आर. ओ.135/जी-242502654.3**

# छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग

## :: मंत्रालय::

### महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर-492002

### // यतियतन लाल सम्मान-2024//

राज्य शासन ने अहिंसा एवं गौ रक्षा के क्षेत्र में किये गये अविस्मरणीय कार्य, सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिए सम्मानित करने और उनमें एक राष्ट्रीय कीर्तिमान विकसित करने की दृष्टि से राज्य स्तरीय "यतियतन लालसम्मान' की स्थापना की है। वर्ष 2024 के लिए उक्त पुरस्कार प्राप्त करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के एक व्यक्ति/एक संस्था के चयन हेतु सर्वसंबंधितों दिनांक 03 अक्टूबर, 2024 सायं 5.30 बजे तक प्रविष्टियाँ आमंत्रित की जाती है। उक्त पुरस्कार की राशि रूपये 2.00 लाख (रूपये दो लाख) चयनित व्यक्ति / संस्था को नगद, सम्मान प्रतीक चिन्ह से युक्त पट्टिका एवं प्रमाण पत्र भी प्रशस्ति के रूप में दी जायेगी।

2/- उक्त पुरस्कार राज्य शासन द्वारा नियुक्त निर्णायक मंडल (जूरी) द्वारा चयन होने पर ही दिया जाएगा। पुरस्कार हेतु प्रविष्टि निम्नांकित अपेक्षाओं की पूर्ति कर प्रस्तुत की जाए :-

क. व्यक्ति / संस्था का पूर्ण परिचय ।

ख. अहिंसा एवं गौरक्षा के क्षेत्र में किए गये अविस्मरणीय कार्य, सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिए किए गए कार्यों की सप्रमाण विस्तृत जानकारी ।

ग. यदि कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो तो उसका विवरण ।

घ. अहिंसा एवं गौरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य तथा इसके सैद्धांतिक पक्ष के विषय में प्रकाशित साहित्य की सत्यापित छायाप्रति ।

च. अहिंसा एवं गौरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के संबंध में प्रख्यात पत्र/पत्रिकाओं/ग्रंथ के माध्यम से उपलब्ध साहित्य ।

छ. चयन होने की दशा में सम्मान ग्रहण करने के बारे में व्यक्ति की लिखित सहमति ।

ज. यदि आवेदक राज्य अथवा केन्द्र शासन के किसी विभाग, निगम / मंडल में सेवारत हो तो उसका स्पष्ट उल्लेख प्रविष्टि में किया जाए ।

आवेदक जिस जिले का निवासी हो उस जिले के कलेक्टर को अपनी प्रविष्टि निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रस्तुत कर सकेगा। सीधे इस विभाग को प्राप्त प्रविष्टि पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

आर. ओ.136/जी-242502679.5

# छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग

## :: मंत्रालय::

### महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर-492002

### // महाराजा अग्रसेन सम्मान-2024//

राज्य शासन ने सामाजिक, समरसता यथा सभी वर्गों में समभाव, सौहार्द, समाज सेवा के स्थाई कार्य जैसे अस्पताल, धर्मशाला, पेयजल, स्वच्छता एवं सामाजिक विकास के अन्य स्थाई स्वरूप के कार्यों में जनभागीदारी को बढ़ावा देने, सामाजिक चेतना का अच्छा वातावरण विकसित करने के योगदान को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से अखिल भारतीय महाराजा अग्रसेन सम्मान की स्थापना की है। वर्ष 2024 के लिए उक्त पुरस्कार प्राप्त करने के लिए एक व्यक्ति के चयन हेतु सर्वसंबंधितों से दिनांक 03 अक्टूबर 2024 सायं 5.30 बजे तक प्रविष्टियाँ आमंत्रित की जाती है। उक्त पुरस्कार की राशि रूपये 2.00 लाख (रूपये दो लाख) चयनित व्यक्ति को नगद, सम्मान प्रतीक चिन्ह से युक्त पट्टिका एवं प्रमाण पत्र भी प्रशस्ति के रूप में दी जायेगी ।

2/- उक्त पुरस्कार राज्य शासन द्वारा नियुक्त निर्णायक मंडल (जूरी) द्वारा चयन होने पर ही दिया जाएगा। पुरस्कार हेतु प्रविष्टि निम्नांकित अपेक्षाओं की पूर्ति कर प्रस्तुत की जाए :-

क. व्यक्ति का पूर्ण परिचय ।

ख. सामाजिक, समरसता यथा सभी वर्गों में समभाव, सौहार्द, समाज सेवा के स्थाई कार्य जैसे अस्पताल, धर्मशाला, पेयजल, स्वच्छता एवं सामाजिक विकास के अन्य स्थाई स्वरूप के कार्यों में जनभागीदारी को बढ़ावा देने, सामाजिक चेतना का अच्छा वातावरण विकसित करने के क्षेत्र में किए गए अविस्मरणीय कार्य, सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिए किए गए कार्यो की सप्रमाण विस्तृत जानकारी ।

ग. यदि कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो तो उसका विवरण ।

घ. सामाजिक, समरसता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य तथा इसके सैद्धांतिक पक्ष के विषय में प्रकाशित साहित्य की सत्यापित छायाप्रति ।

च. सामाजिक, समरसता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के संबंध में प्रख्यात पत्र/पत्रिकाओं/ग्रंथ के माध्यम से उपलब्ध साहित्य ।

छ. चयन होने की दशा में सम्मान ग्रहण करने के बारे में व्यक्ति की लिखित सहमति ।

ज. यदि आवेदक राज्य अथवा केन्द्र शासन के किसी विभाग, निगम / मंडल में सेवारत हो तो उसका स्पष्ट उल्लेख प्रविष्टि में किया जाए ।

आवेदक जिस जिले का निवासी हो उस जिले के कलेक्टर को अपनी प्रविष्टि निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रस्तुत कर सकेगा। सीधे इस विभाग को प्राप्त प्रविष्टि पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

आर. ओ.137/जी-242502677.5

# कार्यालय अधिष्ठाता,

## स्व. श्री बलीराम कश्यप स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, डिमरापाल, जगदलपुर (छ.ग.)

क्रमांक/4632/स्था. / शाचिम / 2024 जगदलपुर, दिनांक 19/19/2024

### (वॉक-इन-इन्टरव्यूह)

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि, सुपर स्पेशियल्टी हॉस्पिटल, डिमरापाल, जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.) हेतु स्वीकृत निम्नलिखित शैक्षणिक एवं चिकित्सकीय रिक्त पदों पर संविदा भर्ती हेतु कार्यालय अधिष्ठाता, स्व. श्री बलीराम कश्यप स्मृति, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, डिमरापाल, जगदलपुर में प्रत्येक माह में दो बार 15 एवं 30 तारीख को प्रातः 11:00 बजे 'वाक इन इन्टरव्यू आयोजित किया जाता है। जिसमें इच्छुक उम्मीद्वार आवेदन पत्र के साथ अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता एवं वांछित प्रमाण पत्रों की मूल प्रति तथा सत्यापित छायाप्रति (दो प्रति) एवं पासपोर्ट साइज के 02 रंगीन फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र. | विभाग | पदनाम | संविदा वेतन |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्डियोलॉजी/कार्डियो थोरेसिक एवं वास्कूलर सर्जरी / न्यूरोसर्जरी / न्यूरोलॉजी / यूरोलॉजी / नेफ्रोलॉजी/निश्चतना | सह-प्राध्यापक | 1,85,000/- |
| | | सहायक प्राध्यापक | 1,25,000/- |
| | | सीनियर रेसीडेंट | 95,000/- |
| 2. | सुपरस्पेशियल्टी हॉस्पिटल डिमरापाल जगदलपुर | मेडिकल ऑफिसर | शासन द्वारा संविदा वेतन निर्धारण की प्रत्याशा में। वर्तमान में प्रचलित संविदा वेतन के आधार पर। |
| 3. | पथोलॉजी / बायोकेमिस्ट्री / माइक्रोबायोलॉजी / रेडियोलॉजी/ब्लड बैंक | रेसीडेंट | |

विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल, जगदलपुर की वेबसाईट पर उपलब्ध है। रिक्त पदों की संख्या समय-समय पर परिवर्तनीय है।

अधिष्ठाता
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
डिमरापाल, जगदलपुर (छ.ग.)

आर. ओ.138/जी-242502658.4

# कार्यालय अधिष्ठाता

## राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर, सरगुजा छ०ग०

Telephone No. 07774-299311 E-mail deanmedicalcollegesurguja@gmail.com

क्रमांक 111788 / स्था० शाखा / शाचिम / 2024 अम्बिकापुर, दिनांक 19-9-2024

### //सूचना//

कार्यालय अधिष्ठाता, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा छ०ग० के विज्ञापन क्रमांक/8787/ शा.चि.म./स्था.-3/2017 अम्बिकापुर, दिनांक 12.09.2017 के द्वारा जूनियर टेक्नीशियन के 02 पद, वाहन चालक के 03 पद तथा सीनियर टेक्नीशियन के 01 पद हेतु विज्ञापन जारी किया गया है।

| स्क्रूटनी/दस्तावेज सत्यापन | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र | पदनाम | स्क्रूटनी का दिनांक | समय | स्थान |
| 1 | सीनियर टेक्नीशियन इलेट्रॉनिक्स | 07.10.2024 | दोपहर 12:00 बजे से | राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर |

| परीक्षा कार्यक्रम | | | |
|---|---|---|---|
| क्र | पदनाम | स्क्रूटनी का दिनांक | स्थान |
| 1 | जूनियर टेक्नीशियन | 15.10.2024 | राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव, शासकीय चिकित्ता महाविद्यालय अम्बिकापुर |
| 2 | वाहन चालक | 15.10.2024 | |

उपरोक्त विज्ञापित पदों पर सीधी भर्ती की कार्यवाही किये जाने हेतु स्क्रूटनी/दस्तावेज सत्यापन तथा परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार निर्धारित तिथियों पर आयोजित किया गया है:-

कार्यालय अधिष्ठाता
राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय
चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर, सरगुजा छ०ग०

आर. ओ.139/जी-242502673.4

# छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग

## :: मंत्रालय::

## महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर-492002

### // पण्डित रविशंकर शुक्ल सम्मान-2024//

राज्य शासन ने सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में किये गये अभिनव प्रयास के लिए सम्मानित करने और उनमें एक राष्ट्रीय कीर्तिमान विकसित करने की दृष्टि से राज्य स्तरीय 'पण्डित रविशंकर शुक्ल सम्मान' की स्थापना की है। वर्ष 2024 के लिए उक्त पुरस्कार प्राप्त करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के एक व्यक्ति/एक संस्था के चयन हेतु सर्वसंबंधितों से दिनांक 03 अक्टूबर, 2024 सायं 5.30 बजे तक प्रविष्टियाँ आमंत्रित की जाती है। उक्त पुरस्कार की राशि रूपये 2.00 लाख (रूपये दो लाख) चयनित व्यक्ति / संस्था को नगद, सम्मान प्रतीक चिन्ह से युक्त पट्टिका एवं प्रमाण पत्र भी प्रशस्ति के रूप में दी जायेगी ।

2/- उक्त पुरस्कार राज्य शासन द्वारा नियुक्त निर्णायक मंडल (जूरी) द्वारा चयन होने पर ही दिया जाएगा। पुरस्कार हेतु प्रविष्टि निम्नांकित अपेक्षाओं की पूर्ति कर प्रस्तुत की जाए :-

क. व्यक्ति/संस्था का पूर्ण परिचय ।

ख. सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक क्षेत्र में अभिनव प्रयत्नों के लिए किए गए कार्यों की सप्रमाण विस्तृत जानकारी ।

ग. यदि कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो तो उसका विवरण ।

घ. सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य तथा इसके सैद्धांतिक पक्ष के विषय में प्रकाशित साहित्य की सत्यापित फोटो प्रति ।

च. सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के संबंध में प्रख्यात पत्र पत्रिकाओं/ग्रंथ के माध्यम से उपलब्ध साहित्य ।

छ. चयन होने की दशा में सम्मान ग्रहण करने के बारे में व्यक्ति की लिखित सहमति ।

ज. यदि आवेदक राज्य अथवा केन्द्र शासन के किसी विभाग, निगम / मंडल में सेवारत हो तो उसका स्पष्ट उल्लेख प्रविष्टि में किया जाए ।

आवेदक जिस जिले का निवासी हो उस जिले के कलेक्टर को अपनी प्रविष्टि निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रस्तुत कर सकेगा। सीधे इस विभाग को प्राप्त प्रविष्टि पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

(अंशिका ऋषि पाण्डेय)
अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

**आर. ओ.140/जी-242502678.5**

# छत्तीसगढ़ शासन

## महिला एवं बाल विकास विभाग

### मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, छ.ग.

### "बहादुर कलारिन सम्मान" वर्ष 2024 प्रविष्टियों के आमंत्रण हेतु सूचना

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष, नारी उत्थान हेतु अभूतपूर्व कार्य करने वाली राज्य की महिला को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से प्रतिवर्ष "बहादुर कलारिन सम्मान" प्रदान किया जाना है। इसके तहत एक महिला को 2 (दो) लाख रूपये की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में प्रदान किया जावेगा। इस पुरस्कार हेतु वर्ष 2024 के लिए प्रविष्टियों आमंत्रित है। प्रविष्टियों निम्नखिलित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए प्रस्तुत की जावे :-

1. महिला का पूर्ण परिचय।
2. महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष, नारी उत्थान हेतु अभूतपूर्व कार्य करने वाली महिला को प्रोत्साहन के क्षेत्र में किये गये मय सेवा कार्यों की सप्रमाण विस्तृत जानकारी। यह प्रमाण पत्र भी संलग्न करना होगा कि उपलब्धि वास्तविक तथ्यों पर आधारित है।
3. यदि कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो तो उसका विवरण।
4. उत्कृष्ट सेवा कार्य के विषय में कोई प्रतिवेदन प्रकाशित हुआ हो तो उसका विवरण एवं प्रकाशित प्रतिवेदन की एक-एक छायाप्रतियाँ।
5. महिलाओं के उत्पीडन के खिलाफ संघर्ष, नारी उत्थान हेतु अभूतपूर्व कार्य करने वाली महिला को प्रोत्साहन प्रख्यात पत्र/पत्रिकाओं तथा संस्थाओं द्वारा की गई टिप्पणियों की छायाप्रतियाँ / सत्य प्रतिलिपियाँ।
6. अन्य सुसंगत दस्तावेज, जो आवश्यक हो।
7. चयन होने की दशा में पुरस्कार ग्रहण करने के बारे में महिला की लिखित सहमति। यह सम्मान किसी भी महिला को केवल एक बार ही प्राप्त हो सकेगा। शासकीय सेवक इस सम्मान के लिए पात्र नहीं होगें।

प्रविष्टियाँ सम्बन्धित जिला कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग को दिनांक 10 अक्टूबर 2024 तक प्रस्तुत की जा सकेगी। प्रविष्टि सीलबन्द लिफाफे में प्रस्तुत की जावे एवं लिफाफे के ऊपर "बहादुर कलारिन सम्मान" वर्ष 2024 अंकित किया जावे। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
महिला एवं बाल विकास विभाग

**आर. ओ.141/जी-242502686.3**

# कार्यालय कलेक्टर, जांजगीर चांपा (छ.ग.)

क्रमांक/आकांक्षा/2024/201 जांजगीर दिनांक 18/09/2024

## Walk in Interview

जिला प्रशासन जांजगीर चांपा द्वारा NEET, IIT-JEE Mains/Advance के लिए छात्र-छात्राओं को निःशुल्क आवासीय कोचिंग प्रदान किया जा रहा है। जिसके लिए समर्पित एवं परिणामोन्मुख (Result Oriented) विषय विशेषज्ञों की आवश्यकता है। यह पद पूर्णतः अस्थायी प्रकृति का है जो एक वर्ष के लिए होगा जिसे परीक्षा परिणाम के आधार पर आगे जारी रखा जायेगा।

| स. क्र. | विषय | पद संख्या | शैक्षणिक योग्यता | अनिवार्य योग्यता | समेकित मानदेय (Negotiable) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | रसायन | 01 | M.Sc./BE/ B.Tech/M.Tech | 1. IITs/NITS से अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण 2. किसी मान्यता प्राप्त कोचिंग संस्थान में कम से कम 03 वर्ष का अनुभव 3. मान्यता प्राप्त कोचिंग संस्थान में NEET, IIT -JEE Mains/ Advance की कोचिंग कार्य अनुभवी को प्राथमिकता। | रु. 60000/- तक उनके शैक्षणिक योग्यता, अनुभव एवं परफार्मेस के आधार पर दिया जावेगा। |

**चयन प्रक्रिया :-** साक्षात्कार के माध्यम से ।

जिन अभ्यर्थियों के पास उपरोक्त पदों हेतु निर्धारित योग्यता हो वे अपने बायोडाटा एवं मूल प्रमाण पत्रों के साथ साक्षात्कार में दिनांक 27/9/24 को प्रातः 11.30 बजे आकांक्षा आवासीय विद्यालय परिसर (रोजगार कार्यालय) जांजगीर में उपस्थित हो सकते है।

कलेक्टर
जांजगीर चांपा (छ.ग.)

**आर. ओ.142/जी-242502684.5**

# DIRECTOR RESEARCH SERVICES

## INDIRA GANDHI KRISHI VISHWAVIDYALAYA

## KRISHAK NAGAR, RAIPUR (CHHATTISGARH) 492012

No.Estt.-1/DRS/PL/PMBB/1510 Raipur Dated: 19/9/2024

Applications in prescribed application form are invited for appointment of different contractual posts at Phytosanitary Laboratory under the Department of Plant Molecular Biology and Biotechnology, College of Agriculture, Raipur.

Number of positions under different post and categories are as below:-

| S.No | Name of Post | Pay (Including HRA) (Rs.) | UR | ST | SC | OBC | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Food Analyst (Analytical/Instrumentation)- ICPMS | 62120,00 | 1 | - | - | - | 1 |
| 2 | Food Analyst (Analytical/Instrumentation)- Microbiology | 62120.00 | 1 | - | - | - | 1 |
| 3 | Food Analyst (Analytical/Instrumentation)- GMO Testing | 62120.00 | 1 | - | - | - | 1 |
| 4 | Scientific Assistant | 26490.00 | - | 1 | - | 1 | 2 |

*UR: un-reserved, ST: scheduled tribe, SC: scheduled caste and OBC: other backward classes

The application forms are attached with this advertisement. Last Date for submission of application is on or before 10.10.2024 till 5.00 PM. Any corrigendum or any further communication regarding the aforesaid advertisement will only be available on the website www.igkv.ac.in. Application form should be sent to following address -

The Director of Research,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya
Krishak Nagar, Jora, Raipur (Chhattisgarh) 492 012.

**Director Research**

# छत्तीसगढ़ शासन

## महिला एवं बाल विकास विभाग

### मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, छ.ग.

### "वीरांगना" रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार वर्ष 2024 प्रविष्टियों के आमंत्रण हेतु सूचना

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं, विशेष कर वीरता, शौर्य, साहस तथा महिलाओं में आत्मबल को सशक्त करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की महिलाओं को प्रतिवर्ष "वीरांगना" रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार प्रदान किया जाना है। इसके तहत एक महिला को 2 (दो) लाख रूपये की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में प्रदान किया जावेगा। इस पुरस्कार हेतु वर्ष 2024 के लिए प्रविष्टियाँ आमंत्रित है। प्रविष्टियाँ निम्नखिलित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए प्रस्तुत की जावे :-

1. महिला का पूर्ण परिचय।
2. महिलाओं, विशेष कर वीरता, शौर्य, साहस तथा महिलाओं के आत्मबल को सशक्त करने के क्षेत्र में किये गये मय सेवा कार्यों की सप्रमाण विस्तृत जानकारी। यह प्रमाण पत्र भी संलग्न करना होगा कि उपलब्धि वास्तविक तथ्यों पर आधारित है।
3. यदि कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो तो उसका विवरण।
4. उत्कृष्ट सेवा कार्य के विषय में कोई प्रतिवेदन प्रकाशित हुआ हो तो उसका विवरण एवं प्रकाशित प्रतिवेदन की एक-एक छायाप्रतियाँ।
5. महिलाओं, विशेष कर वीरता, शौर्य, साहस तथा महिलाओं में आत्मबल को सशक्त करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के सम्बन्ध में प्रख्यात पत्र / पत्रिकाओं तथा संस्थाओं द्वारा की गई टिप्पणियों की छायाप्रतियां / सत्य प्रतिलिपियाँ।
6. अन्य सुसंगत दस्तावेज, जो आवश्यक हो।
7. चयन होने की दशा में पुरस्कार ग्रहण करने के बारे में महिला की लिखित सहमति।

यह सम्मान किसी भी महिला को केवल एक बार ही प्राप्त हो सकेगा। शासकीय सेवक इस पुरस्कार के लिए पात्र नहीं होगें।

प्रविष्टियाँ सम्बन्धित जिला कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग को दिनांक 10 अक्टूबर 2024 तक प्रस्तुत की जा सकेगी। प्रविष्टि सीलबन्द लिफाफे में प्रस्तुत की जावे एवं लिफाफे के ऊपर "वीरांगना" रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार वर्ष 2024 अंकित किया जावे। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

(शम्मी-नाबिदी)
सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
महिला एवं बाल विकास विभाग

आर. ओ.143/जी-242502687.3

# छत्तीसगढ़ शासन

## महिला एवं बाल विकास विभाग

### मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, छ.ग.

### मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान) वर्ष 2024 प्रविष्टियों के आमंत्रण हेतु सूचना

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं, विशेष रूप से अनुसूचित जाति / जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की महिला/अशासकीय संस्थाओं को प्रतिवर्ष "मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान)" प्रदान किया जाता है। इसके तहत एक महिला/संस्था को 2 (दो) लाख रूपये की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में प्रदान की जाती है। इस सम्मान हेतु वर्ष 2024 के लिए प्रविष्टियाँ आमंत्रित है। प्रविष्टियाँ निम्नलिखित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए प्रस्तुत की जावे-

1. महिला/संस्था का पूर्ण परिचय।
2. महिलाओं के उत्थान के लिए किये गये सेवा कार्यो की सप्रमाण विस्तृत जानकारी। यह प्रमाण पत्र भी संलग्न करना होगा कि उपलब्धियाँ वास्तविक तथ्यों पर आधारित है।
3. यदि कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो तो उसका विवरण।
4. उत्कृष्ठ सेवा कार्य के सम्बन्ध में कोई प्रतिवेदन प्रकाशित हुआ हो तो उसका विवरण एवं प्रकाशित प्रतिवेदन की छायाप्रतियाँ।
5. महिलाओं के उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के सम्बन्ध में प्रख्यात पत्र पत्रिकाओं तथा संस्थाओं द्वारा की गई टिप्पणियों की छायाप्रतियाँ / सत्य प्रतिलिपियाँ।
6. अन्य सुसंगत दस्तावेज जो आवश्यक हो।
7. चयन होने की स्थिति में पुरस्कार प्राप्ति के सम्बन्ध में आवेदक की लिखित सहमति।

यह सम्मान किसी भी महिला/संस्था को केवल एक बार ही प्राप्त हो सकेगा। विगत वर्ष में निर्धारित मापदण्डों की पूर्ति करने वाली ऐसी महिलाएँ/संस्थाएँ जिन्हे यह सम्मान विगत वर्ष प्राप्त नहीं हुआ है। इस वर्ष पुनः प्रविष्टियाँ प्रस्तुत कर सकेगी। शासकीय संस्थाएँ/अर्द्धशासकीय संस्थाएँ/शासकीय सेवक इस सम्मान के लिए पात्र नहीं होंगें।

प्रविष्टियाँ सम्बन्धित जिला कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग को दिनांक 10 अक्टूबर 2024 तक प्रस्तुत की जा सकेगी। प्रविष्टि सीलबन्द लिफाफे में प्रस्तुत की जावे एवं लिफाफे के ऊपर "मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान)" वर्ष 2024 अंकित किया जावे। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

(शम्मी-नाबिदी)
सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
महिला एवं बाल विकास विभाग

आर. ओ.144/जी-242502688.3

# कार्यालय कलेक्टर,

## जिला-गरियाबंद (छत्तीसगढ़)

### सूचना-पत्र

राजस्व विभाग/जिला प्रशासन गरियाबंद द्वारा तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के विभिन्न पदों में भर्ती के लिए जून 2023 में आवेदन आमंत्रित किये गये थे। इसके अंतर्गत सहायक ग्रेड-03, स्टेनोटाईपिस्ट, वाहन चालक, भृत्य, प्रोसेस सर्वर, अर्दली, चौकीदार, फर्राश एवं स्वीपर के रिक्त पदों में भर्ती के लिए आवेदन मंगाये गये थे। आवेदन पश्चात् दो चरणों में दावा आपत्ति आमंत्रित कर प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण किया गया हैं। दावा आपत्ति निराकरण सूची/विस्तृत चयन प्रक्रिया तथा लिखित परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम / संभावित परीक्षा तिथि का अवलोकन जिला कार्यालय गरियाबंद के सूचना पटल एवं गरियाबंद जिले की वेबसाईट www.gariaband.gov.in में किया जा सकता हैं। लिखित परीक्षा का आरंभ दिनांक **29.09.2024** से हैं। उक्त भर्ती हेतु चयन परीक्षा/प्रक्रिया की समस्त जानकारियां जिले की आधिकारिक वेबसाईट www.gariaband.gov.in पर प्रदर्शित / प्रकाशित की जावेगी, अतः अभ्यर्थी /आवेदक नियमित रूप से वेबसाईट का अवलोकन करते रहें ताकि चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर से वे वंचित न हों।

अपर कलेक्टर,
गरियाबंद



# छत्तीसगढ़ शासन

## विधि और विधायी कार्य विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला-रायपुर 492002

फोन नं. 0771-2221346 फैक्स नं. 0771-2510346 email-lawdept.cg@gov.in

## बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल सम्मान

राज्य शासन द्वारा विधि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य और महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने, प्रोत्साहित करने और मान्यता देकर उनकी विशेष पहचान बनाने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय "वैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल सम्मान" वर्ष 2022-23 एवं वर्ष 2023-24 देने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में सम्मान के लिये दो व्यक्तियों का चयन किया जायेगा, जिन्हे पुरस्कार स्वरूप राशि रूपये 1.00-1.00 लाख (एक-एक लाख रूपये) प्रति व्यक्ति नगद सम्मान तथा प्रतीक विन्ह से युक्त पट्टिका प्रशस्ति पत्र के साथ दी जायेगी। इस सम्मान हेतु विधि के क्षेत्र में उत्कृष्ट और महत्त्वपूर्ण कार्य करने वाले व्यक्तियों से दिनांक 08.10.2024 तक निम्नानुसार विहित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैः-

(क) व्यक्ति का पूर्ण परिचय,

(ख) विधि के क्षेत्र में अभिनव प्रयत्नों के लिये किये गये उत्कृष्ट कार्यों की सप्रमाण विस्तृत जानकारी,

(ग) यदि कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो तो उसका विवरण,

(घ) विधि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य तथा इसके सैद्धान्तिक पक्ष के विषय में प्रकाशित साहित्य की फोटो प्रति (सत्यापित),

(च) विधि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के संबंध में प्रख्यात पत्र/पत्रिकाओं/ग्रंथ के माध्यम से उपलब्ध साहित्य,

(छ) बयन होने की दशा में सम्मान ग्रहण करने के बारे में व्यक्ति की लिखित सहमति,

(ज) आवेदक द्वारा, प्रस्तुत जानकारी तथा दस्तावेज (पत्र, प्रमाण पत्र, कतरन, प्रतिवेदन आदि) के सही और वास्तविक होने की घोषणा पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।

उक्त सम्मान हेतु प्राप्त समस्त आवेदनों के संबंध में निर्णायक मंडल द्वारा निर्णय लिया जायेगा, निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम होगा। निर्णायक मंडल के सदस्य एवं उसके परिवार के व्यक्ति उरा वर्ष के सम्मान के लिये आवेदन करने के लिये अनर्हित होगें, जिस वर्ष के लिये वे निर्णायक मंडल के सदस्य नियुक्त किये गये है।

उक्त सम्मान हेतु सभी आवेदन पत्र निर्धारित तिथि दिनांक 08.10.2024 तक प्रमुख सचिव, छ०म० शासन, विधि और विधायी कार्य विभाग, मंत्रालय, कैपिटल काम्पलेक्स, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ०ग०) पिन कोड नम्बर 492002 को प्राप्त हो जाना चाहिए।

अतः आवेदक, सीधे प्रमुख सचिव के उक्त पते पर व्यक्तिशः अथवा खाक द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। डाक से भेजे गये पत्र के विलंब से प्राप्त होने पर विभाग जिम्मेदार नहीं होगा तथा निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नही किया जायेगा।

(शहाबुद्दीन कुरैशी)
अतिरिक्त सचिव
छ.ग . शासन, विधि एवं विधायी कार्य विभाग

**आवेदन हेतु प्रारूप**
**बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल सम्मान पुरस्कार वर्ष**

**(1) व्यक्ति का पूर्ण परिचय :-**

(क) नाम--------------

(ख) पिता का नाम-----------------

(ग) शैक्षणिक योग्यता------------------

(घ) पदनाम / व्यवसाय-------------------

(ड.) पत्राचार का पूर्ण पत्र------------------

(च) संपर्क दूरभाष कमांक-----------------

(2) विधि के क्षेत्र में अभिनव प्रयत्नों के लिये किये गये उत्कृष्ट कार्यों (सप्रमाण) / सैद्धांतिक पक्ष के विषय में प्रकाशित साहित्य की छायाप्रति (सत्यापित) / प्रख्यात पत्र/पत्रिकाओं / ग्रंथ के माध्यम से किये गये उत्कृष्ट कार्य की विस्तृत जानकारी (जैसा लागू हो):-

(3) यदि कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो तो उसका विवरणः-

(4) पुरस्कार हेतु चयन होने की दशा में सम्मान ग्रहण करने हेतु लिखित सहमति :-

(5) आवेदक द्वारा, प्रस्तुत जानकारी तथा दस्तावेज (पत्र, प्रमाण पत्र, कतरन, प्रतिवेदन आदि) के सही और वास्तविक होने की घोषणा पत्र :-

(6) अन्य कोई जानकारी जो आवश्यक हो :-

संलग्न :-
दिनांक :-

आवेदक का नाम, हस्ताक्षर एवं पूर्ण
पता दूरभाष सहित

**आर. ओ.145/जी-242502691.3**

# संचालनालय कृषि, छत्तीसगढ़

**इन्द्रावती भवन, ब्लॉक-2, प्रथम एवं द्वितीय तल, नवा रायपुर, अटल नगर-492002**
**E mail ID: diagricg.cg@nic.in Phone No. 0771-2511630**

क्रमांक/स्था./अ-1-ब (1)/ सी.भ.-05-2023/627 रायपुर दिनांक 25/09/2024

कृषि विभाग के अंतर्गत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा दिनांक 04.02.2024 को आयोजित परीक्षा का परिणाम विभाग को प्राप्त हो चुका है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में उल्लेखित सरल कमांक (कम्बाईन्ड रैंकिंग) के आधार पर उत्तीर्ण आवेदकों के मूल प्रमाण पत्रों की जांच दिनांक 30.09.2024 से 10.10.2024 तक प्रातः 10:30 बजे से कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य कृषि प्रबंधन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान (समेती), इं.गां.कृ.वि. परिसर, लभाण्डी, रायपुर में की जावेगी। इस हेतु सूचना/निर्देश विभाग की वेबसाईट httpss://agriportal.cg.nic.in/agridept/AgriHi/ पर उपलब्ध है।

कृपया निर्धारित तिथि एवं समय तथा स्थान पर आवेदक स्वयं विज्ञापन में दर्शित अर्हताओं एवं वांछित दस्तावेजों के आधार पर मूल प्रमाण पत्रों तथा उक्त प्रमाणपत्रों की 02 सेट स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

अपर संचालक
कृषि संचालनालय कृषि
छ.ग. रायपुर

**आर. ओ.150/जी-242502796.5**

# कायार्लय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जांजगीर-चांपा

क्रमांक 1900/दो-6-1/2017, जांजगीर, दिनांक 23.09.2024

कायार्लय प्रधान जिला एवं स न्यायाधीश, जांजगीर चांपा की स्थापना में विज्ञापन क्रमांक 1232/दो-12-1/2023, जांजगीर, दिनांक 13.07.2023 एवं 692/दो-12-1/2023, जांजगीर, दिनांक 24.04.2024 के अंतर्गत साामान्य स्थापना, कोर्ट मैनेजर अमला एवं आकस्मिकता निधि से वेतन प्राप्त करने वाले कर्मचारियों के रिक्त पदों हेतु आवदेन पत्र आमंत्रित किया गया था। सामान्य स्थापना के अंतर्गत स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी) के 1 पद, स्टेनोग्राफर (हिन्दी) के 12 पद एवं कोर्ट मैनेजर अमला हेतु शीघ्रलेखक (स्टेनोग्राफर) संविदा के 1 पद की भर्ती हेतु अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदन पत्रों की स्कूटनी उपरांत पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की पृथक-पृथक सूची जारी किया गया है। जिसका अवलोकन अभ्यर्थी जिला न्यायालय जांजगीर के वेबसाईट https:// janjgir.dcourts.gov.in पर कर सकते है। उक्त पदों हेतु आवेदन करने वाले ऐसे अभ्यर्थी जो अपात्र की श्रेणी में है अपनी पात्रता के संबंध में वैध दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रति सहित स्वंय उपस्थित होकर अथवा डाक के माध्यम से दिनांक 09-10-2024 के कार्यालयीन समय 05:00 बजे तक अपना दावा/आपत्ति कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है किसी अन्य माध्यम से एवं निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति आवेदन मान्य नहीं होगा। बिना वैध दस्तावेज के अथवा नियत तिथी के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा और उन्हे अनर्ह माना जावेगा।

अध्यक्ष भर्ती एवं पदोन्नति समिति,
कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
जांजगीर-चांपा

**आर. ओ.151/जी-242502781.4**

# कार्यालय कलेक्टर, जिला गरियाबंद (छत्तीसगढ़)

क्रमांक 4614-c वित्त-स्था. / सीधी भर्ती / 2024 गरियाबंद, दिनांक 19/09/2024

**- सूचना पत्रः-**

01/ राजस्व विभाग, जिला प्रशासन / भू-अभिलेख शाखा गरियाबंद में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आयोजित की जाने वाली लिखित परीक्षा हेतु पूर्व में निर्धारित समय को संशोधित किया गया हैं, संशोधित समय निम्नानुसार हैं :-

| स.क्र. | विज्ञापित पद का नाम | लिखित परीक्षा हेतु प्रश्नों की संख्या | लिखित परीक्षा हेतु पूर्व निर्धारित समय | लिखित परीक्षा हेतु संशोधित समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | सहायक ग्रेड-03 | 200 प्रश्न | प्रातः 09:00 बजे से 11 बजे तक (समय 02 घंटा) | प्रातः 09:00 बजे से 12 बजे तक (समय 03 घंटा) |
| 02 | स्टेनोटाईपिस्ट | 200 प्रश्न | | |
| 03 | वाहन चालक | 200 प्रश्न | | |
| 04 | चतुर्थ श्रेणी | 150 प्रश्न | प्रातः 09:00 बजे से 11 बजे तक (समय 02 घंटा) | पूर्ववत् |

02/ ऐसे अभ्यर्थी जिन्होनें राजस्व विभाग हेतु स्टेनोटाईपिस्ट तथा आदिवासी विकास विभाग हेतु डाटा एंट्री ऑपरेटर दोनों पदों हेतु आवेदन किए हैं, के संबंध में उक्त पदों हेतु लिखित परीक्षा एक ही तिथि/समय में आयोजित होने के कारण अभ्यर्थियों के हित में चयन समिति के द्वारा निम्नानुसार निर्णय लिया गया हैः- दोनों पदों (स्टेनोटाईपिस्ट एवं डाटा एन्ट्री ऑपरेटर) पर आवेदित अभ्यर्थियों को दोनों परीक्षाओं में से किसी एक परीक्षा में सम्मिलित होना होगा, तत्पश्चात् उनके प्राप्तांक को दोनों पदों हेतु तैयार की जाने वाली मेरिट सूची में सम्मिलित किया जायेगा। मेरिट सूची के अनुसार यदि अभ्यर्थी के द्वारा दोनों पदों हेतु आयोजित की जाने वाली कौशल परीक्षा हेतु शॉर्टलिस्ट कर लिया जाता है, तो अभ्यर्थी को दोनों पदों हेतु निर्धारित मापदण्ड अनुसार पृथक-पृथक कौशल परीक्षा हेतु आमंत्रित की जावेगी।

03/ परीक्षा पद्धति दिये गये प्रश्नों के चार विकल्प में से एक विकल्प सही होगा। सही विकल्प पर उत्तरशीट (OMR) में नीले/काले बॉल पाइंट पेन से गोला को पूर्णतः भरना होगा। इसी प्रकार गलत उत्तर अथवा एक से अधिक उत्तर अंकित करने पर ऋणात्मक अंक का प्रावधान किया गया हैं। एक गलत उत्तर के लिए सही उत्तर हेतु निर्धारित अंक का 1/4 अंक काटे जायेंगें।

अपर कलेक्टर
गरियाबंद

**आर. ओ.147/जी-242502691.3**

# संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा

## द्वितीय तल, व्यावसायिक परिसर, सेक्टर-27, नवा रायपुर

## अटल नगर, छत्तीसगढ़

E-mail: sanskriti.rajbhasha@gmail.com, Website: www.cgculture.in Phone No.: 0771-2995629, Tele. Fax.:0771-2537404

क्र. 802 /सं.रा./राज्यो./24 नया रायपुर, दिनांक 20/09/2024

## किशोर साहू राष्ट्रीय अलंकरण 2024

छत्तीसगढ़ शासन, संस्कृति विभाग ने हिन्दी/छत्तीसगढ़ी सिनेमा हिन्दी/छत्तीसगढ़ी सिनेमा में सर्वश्रेष्ठ फिल्म निर्देशन के क्षेत्र में उपलब्धि तथा दीर्घ साधना को सम्मानित करने और इनमें कीर्तिमान विकसित करने की दृष्टि से राष्ट्रीय स्तर के अलंकरण की स्थापना की गई है। इस पुनीत कार्य में व्यक्तियों के योगदान को प्रोत्साहित करने, मान्यता देने एवं प्रतिष्ठा मंडित करने के उद्देश्य से राज्य शासन ने ३हिन्दी/छत्तीसगढ़ी सिनेमा में निर्देशन३ के क्षेत्र में कार्यरत् व्यक्ति को प्रतिवर्ष किशोर साहू राष्ट्रीय अलंकरण३ राशि रू. 10.00 लाख नगद एवं प्रशस्ति पत्र के रूप में दी जायेगी। इस हेतु प्रविष्टियां/अनुशंसाएं आमंत्रित है।

1. चयन समिति की अनुशंसा पर शासन द्वारा अंतिम रूप से घोषित एक व्यक्ति/संस्था को दस लाख रू. नगद और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा।
2. सम्मान के लिए निम्नांकित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए प्रविष्टियां ईमेल/पंजीकृत डाक पर आमंत्रित की जाती है, प्रारूप अनुसार प्रविष्टियाँ अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रेषित करें।

| आवेदक का नाम / पता व मोबाइल नं. | जन्म तिथि व आयु | प्रस्तावक का व विवरण (यदि हो) | आवेदक की उपलब्धियों का संक्षिप्त ब्यौरा | **प्राप्त सम्मान / पुरस्कार की संक्षिप्त जानकारी** | | | | शासकीय सेवारत होने पर सामान्य प्रशासन विभाग से अनुमति पत्र संलग्न करें (हाँ/नही) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंतर्राष्ट्रीय स्तर | राष्ट्रीय स्तर | प्रदेश स्तर | जिला स्तर | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) |

3. सम्मान संबंधित नियमावली की विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाईट www.cgculture.in पर भी देखी जा सकती है।
4. प्रविष्टियों की अंतिम तिथि 05/10/2024 है तथा प्रविष्टियां विभाग के मेल आईडी sanskriti.rajbhasha@gmail.com या पंजीकृत डाक से स्वीकार की जाएंगी। (प्रविष्टियों के लिए विषय किशोर साहू राष्ट्रीय अलंकरण 2024 स्पष्ट अंकित किया जावे। मेल का आकार 10 एम.बी. तथा पीडीएफ, इमेज सहित ए-4 साईज कुल 20 पेज अधिकतम स्वीकार होंगी।)
5. प्रस्तुत की गई प्रविष्टियाँ वापस नहीं की जायेगी।

संचालक
संस्कृति एवं राजभाषा

**आर. ओ.148/जी-242502750.5**

# छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय

## महानदी भवन, नया रायपुर

राज्य शासन द्वारा साम्प्रदायिक एवं सामाजिक सौहार्द के क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने वाले शासकीय सेवकों / व्यक्तियों/अशासकीय संस्थाओं से 'इंदिरा गांधी साम्प्रदायिक एवं सामाजिक सौहार्द पुरस्कार योजना के अंतर्गत वर्ष 2024 के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र सीधे अपने जिले के कलेक्टर को 21 अक्टूबर, 2024 तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।

2/ शासकीय सेवकों / व्यक्तियों/अशासकीय संस्थाओं जिन्होंने राज्य स्तर पर साम्प्रदायिक सौहार्द बढ़ाने तथा साम्प्रदायिक उपद्रव की रोकथाम के लिए प्रभावी एवं रचनात्मक कार्य किए हैं, प्रथम पुरस्कार तथा जिन्होंने घटना स्थल या स्थानीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य एवं सेवाओं से साम्प्रदायिक सौहार्द व सद्भावना बनाने का कार्य किया हो. द्वितीय पुरस्कार दिया जाएगा।

3/ आवेदक अपने आवेदन पत्र के साथ इस क्षेत्र में किये गए कार्यों के प्रमाण सहित पूर्ण ब्यौरा अपने जिले के कलेक्टर को सौंपेंगे।

4/ देय पुरस्कार निम्नानुसार होंगेः-

| शासकीय सेवकों के लिए | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | पुरस्कार | संख्या | राशि | अभियुक्ति (रिमार्क) |
| 1. | प्रथम पुरस्कार | 01 | NIL (निरंक) | पदक व प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा। |
| 2. | द्वितीय पुरस्कार | 01 | NIL (निरंक) | पदक व प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा। |
| अशासकीय संस्था या कार्यकर्ता के लिए | | | | |
| क्रमांक | पुरस्कार | संख्या | राशि | अभियुक्ति (रिमार्क) |
| 1. | प्रथम पुरस्कार | 01 | 25,000/- | पदक व प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा। |
| 2. | द्वितीय पुरस्कार | 01 | 25,000/- | पदक व प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा। |

5/ अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

(अंशिका ऋषि पाण्डेय)
अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग

**आर. ओ.149/जी-242502761.5**

# कार्यालय आयुक्त

## सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं,

## छत्तीसगढ़ विभागाध्यक्ष कार्यालय, इन्द्रावती भवन,

नवा रायपुर, अटल नगर, जिला रायपुर दूरभाष नं. 2511920, ई-मेल rcs.coop@nic.in

क्रमांक / समन्वय/04/2024/9463 नवा रायपुर, दिनांक 11/09/2024

## ठाकुर प्यारेलाल सिंह पुरस्कार, वर्ष 2023-24 के लिए प्रविष्टियां

छत्तीसगढ़ शासन, सहकारिता विभाग द्वारा सहकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक व्यक्ति या एक सहकारी संस्था को सम्मानित करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय "ठाकुर प्यारेलाल सिंह पुरस्कार" की स्थापना की गई है, जिसके लिए प्रविष्टियां आमंत्रित हैं।

1. निर्णायक मण्डल (जूरी) की अनुशंसा पर शासन द्वारा अंतिम रूप से घोषित एक व्यक्ति अथवा एक सहकारी संस्था को "ठाकुर प्यारेलाल सिंह पुरस्कार" राशि रूपये 2,00,000/- (अक्षरी दो लाख रूपये मात्र) का नगद पुरस्कार तथा प्रतीक चिन्ह से युक्त वाहिका, प्रशस्ति के रूप में दी जायेगी।
2. पुरस्कार के लिए निम्नलिखित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए प्रविष्टियां आमंत्रित की जाती हैः-

**(अ) व्यक्ति के लिए :-**

1. लगातार पांच वर्षों तक सहकारिता के विकास के लिए उत्कृष्ट योगदान किया हो।
2. किसी भी सहकारी संस्था का व्यतिक्रमी सदस्य न हो।
3. व्यक्ति को किसी सहकारी संस्था का सदस्य होना अनिवार्य है।
4. संबंधित व्यक्ति छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी अधिनियम 1960 की धारा 19 ए/क एवं छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी नियम 1962 के नियम 44 के तहत निरर्हित न हो।
5. महिला, कमजोर वर्ग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य किया हो।
6. संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1960 के तहत् दण्डात्मक कार्यवाही न की गई हो।

**टीपः** उपरोक्त बिन्दुओं की पुष्टि हेतु आवश्यक प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

**(ब) सहकारी संस्था के लिए :-**

1. सहकारी संस्था जिसने 03 वर्षों तक लगातार लाभ अर्जित किया हो तथा संस्था संचित हानि में नहीं हो।
2. सहकारी संस्था किसी वित्तदायी संस्था या राज्य शासन का व्यतिक्रमी न हो।
3. सहकारी संस्था का वित्तीय अभिलेख तारीख पूर्ण हो तथा अंकेक्षण अद्यतन पूर्ण हो।
4. अंकेक्षण प्रतिवेदन मे उल्लेखित आपत्तियों का निराकरण कर दिया गया हो।
5. सहकारी संस्था अधिनियम/नियम/उपविधियों में वर्णित प्रावधान के अनुसार आमसभा एवं उसकी अन्य समितियों की नियमित बैठकें करती हो एवं कार्यवाही विवरण का परिचालन करती हो।
6. वह सहकारी संस्था जो अपने सदस्यों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास एवं महिला, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति तथा कमजोर वर्ग के उत्थान के लिए उत्कृष्ट कार्य किया हो।
7. प्रजातांत्रिक प्रक्रिया के तहत् निर्वाचित संचालक मण्डल कार्यरत हो तथा संस्था का प्रबंधन उत्कृष्ट हो।
8. वह सहकारी संस्था जो अपने सदस्यों को लाभांश वितरण करती हो, उसे पुरस्कार के लिए प्राथमिकता दी जायेगी।
9. सहकारी संस्था में व्याप्त गबन, धोखाधड़ी के मामले में संस्था द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जाती हो।

**टीप :-** उपरोक्त बिन्दुओं की पुष्टि हेतु आवश्यक प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

3. पुरस्कार के नियम की प्रति एवं प्रविष्टियों के लिए निर्धारित प्रारूप कार्यालय आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं, छत्तीसगढ़, तृतीय एवं द्वितीय तल, ब्लॉक-बी. इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला रायपुर एवं सहकारिता विभाग के संभागीय / जिला कार्यालयों में तथा विभाग की वेबसाईट https://coop.cg.gov.in में भी उपलब्ध है।
4. पुरस्कार वर्ष 2023-24 के लिए प्रविष्टियां निर्धारित प्रारूप में मय संलग्नक संभागीय कार्यालयों के माध्यम से दिनांक 30/09/2024 तक कार्यालय आयुक्त सहकारिता एंव पंजीयक सहकारी संस्थाएं, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला रायपुर में प्रस्तुत किया जाये। प्रविष्टि प्रेषित करते समय विषय में "ठाकुर प्यारेलाल सिंह पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र" स्पष्ट रूप से लिखा हो।

उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त प्रविष्टियों एवं संभाग स्तरीय विभागीय कार्यालय की अनुशंसा तथा बिन्दुवार टीप के अभाव में प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जायेगा।

संयुक्त आयुक्त
सहकारिता, छत्तीसगढ़

# कार्यालय प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित धमतरी

**वनमण्डल, धमतरी फोन 07722-236137 Email- mddhamtari27@gmail.com**

क्रमांक स्थापना/176 धमतरी, दिनांक 09/09/2024

जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, धमतरी के प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों में प्रबंधक पद के रिक्त पद के भर्ती करने के लिए योग्य उम्मीदवारों से दिनांक 12/10/2024 समय 5.00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में प्रबंध संचालक जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, धमतरी के नाम से संबोधित हो आवेदन रजिस्टर/स्पीड पोस्ट से भेजा जावें।

| क्र | प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति का नाम | पदनाम | कुल रिक्त पद | आरक्षित वर्ग | वेतन एक मुश्त प्रतिमाह | प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के कार्यक्षेत्र में आने वाले तेन्दूपत्ता फड़ गांव का नाम जहां के निवासी से आवेदन प्राप्त होना है। | कार्यालय जहां आवेदन पत्र प्रेषित किया जाना है। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | अमाली | प्रबंधक | 01 | अनारक्षित | 20675 | छिपली, अमाली, बोड़रा, भोथली, सांकरा एवं तुमबाहरा घोटगांव | प्रबंध संचालक जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, धमतरी जिला धमतरी (छ.ग.) |
| 2 | घोटगांव | प्रबंधक | 01 | अनारक्षित | 20675 | नेगीनाला कोरेमुड़ा मुरूमतरा सांकरा , भालुकोना, आमदी, , घोटगांव, क्रमियां, गोविन्दपुर, अर्जुनी, झुझराकसा, , चिवरी, करहा एवं सांकरा | |

1. आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 12/10/2024 शाम 5 बजे तक
2. आवेदन पत्रो की जांच 27/10/2024 तक
3. वरीयता सूची का प्रकाशन की तिथि 0.4.1.1.1./2024 (जिसे वनमण्डल/जिला वनोपज सहकारी संघ मर्या. धमतरी कार्यालय के सूचना पटल पर एवं छत्तीसगढ़ राज्य लघुवनोपज संघ मर्या. रायपुर के वेबसाइट www.cgmfpfed.orgएवं कलेक्टर जिला धमतरी के बेबवाइट www.dhamtari.gov.in पर देखा जा सकेगा।
4. दावा आपत्ति की तिथि 11/11/2024 सायं 3 बजे तक (जिला यूनियन धमतरी कार्यालय में)
5. आवेदन पत्र का प्रारूप एवं नियुक्ति हेतु निर्धारित योग्यताएं आयु सीमा, अन्य अर्हताएं, चयन प्रक्रिया तथा वेतन भत्ते संबंधित जानकारी जिला वनोपज सहकारी संघ मर्या. धमतरी वनमण्डल धमतरी से निःशुल्क प्राप्त की जा सकती है या छत्तीसगढ़ राज्य लघुवनोपज संघ रायपुर के वेबसाईट www.cgmfpfed.org, एवं कलेक्टर जिला धमतरी के बेबवाइट www.dhamtari.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति में प्रबंधक पद पर नियुक्ति हेतु निर्धारित अर्हता एवं चयन प्रक्रिया**

**(अ) नियुक्ति हेतु निर्धारित योग्यताएं :-**

1. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हायर सेकेण्डरी (10+2) उत्तीर्ण होगी ।
2. अभ्यर्थी का संस्था (समिति) क्षेत्र का निवासी होना अनिवार्य होगा ।
3. यह आवश्यक होगा कि अभ्यर्थी संस्था (समिति) क्षेत्र के ऐसे संग्राहक परिवार से हो, जिसने नियुक्ति के पूर्व के पांच वर्ष में से कम से कम तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष न्यूनतम 500 गड्डी तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य किया हो।
4. अभ्यर्थी को कम्प्यूटर का ज्ञान होना आवश्यक होगा।

**(ब) आयु सीमा :-** चयन में स्पर्धा करने हेतु पात्र होने के लिये अभ्यर्थी को निम्नलिखित आयु पुरी करनी होगी अर्थात् :-

1. 1 जनवरी 2024 को आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम अथवा 35 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।
2. यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़े वर्गो (गैर क्रीमीलेयर) का हो तो उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 5 (पांच) वर्ष तक शिथिलनीय होगी ।
3. छत्तीगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिये विशेष उपबंध) नियम 1997 के प्रावधानों के अनुसार महिला अभ्यर्थियों के लिये उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 10 (दस) वर्ष तक शिथिलनीय होगी ।
4. छत्तीसगढ़ राज्य के भूतपूर्व सैनिक, अजजा अजा तथा अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अधीन पुरस्कार प्राप्त एवं स्वयंसेवी नगर सैनिकों को छ.ग. शासन के नियमानुसार आयु में शिथिलता प्रदान की जावेगी ।
5. उपरोक्त उल्लेखित किसी एक या एक से अधिक संवर्गो के अधीन आयु में छूट दिये जाने के उपरान्त भी संघ के सेवा हेतु पात्र होने के लिये अधिकतम आयु किसी भी दशा में 45 वर्ष से अधिक नही होगी ।

**(स) अन्य अर्हतायें :-**

1. मानसिक तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ हो ।
2. अन्य किसी भी सेवा नियोजन का गबनशुदा न हो, आर्थिक अथवा अन्य किसी अपराध के लिये कार्यवाही जारी/पंजीकृत न हो, किसी न्यायालय से सजायाफ्ता न हो।
3. छ.ग. सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1960 के प्रावधानों के अन्तर्गत किसी संचालक का परिभाषित संबंधी न हो ।

**(द) चयन प्रकिया :-**

1. प्रबंधक पद पर चयन हेतु कुल 125 अंक निर्धारित किये जाते है, जो अभ्यर्थी की योग्यता के आधार पर निम्नानुसार प्रदान किये जायेगें:-

(क) 10+2 हायर सेकेण्डरी परीक्षा में कुल प्राप्तांक प्रतिशत के बराबर अंक प्रदान किये जावेगें (अधिकतम 100 अंक) । (उदाहरणार्थ यदि किसी आवेदक को हायर सेकेण्डरी परीक्षा में 75.5 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए है तो उसे 75.5 अंक दिये जावेगें)

(ख) स्नातक परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत अंकों के अनुपात में 1/5 अंक दिये जायेंगे (अधिकतम 20 अंक) (उदाहरणार्थ 70 प्रतिशत प्राप्तांक को 14 अंक दिये जायेगें)

(ग) छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त किसी संस्था से कम्प्यूटर एप्लीकेशन में प्राप्त सर्टिफिकेट/डिप्लोमा/डिग्री हेतु अधिकतम 5 अंक दिए जायेगें। सर्टिफिकेट/डिप्लोमा हेतु 3 अंक एवं उच्चतर डिग्री हेतु 5 अंक दिये जायेगें ।

(घ) नियम के अंतर्गत जिला युनियन द्वारा उम्मीदवारों की प्रावीण्य सूची बनाई जायेगी। प्रावीण्य सूची में यदि एक से अधिक उम्मीदवारों को बराबर अंक प्राप्त हैं, तो आयु में वरिष्ठता के आधार पर उम्मीदवार को वरिष्ठता प्रदान की जावेगी।

**(इ) नियुक्ति हेतु प्रक्रिया :-**

1. कार्य पर उपस्थित होने के पूर्व प्रबंधक पद के लिए चयनित अभ्यर्थी का पुलिस से सत्यापन अनिवार्य होगा ।
2. चयनित अभ्यर्थी को चिकित्सा जांच (शासकीय चिकित्सालय) के मापदंडो में स्वस्थ पाया जाना अनिवार्य होगा। इस हेतु अभ्यर्थी को जिला चिकित्सालय के मेडिकल बोर्ड का चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
3. नियुक्ति के पूर्व अभ्यर्थी को प्रत्याभूति के रूप में रूपये 10,000/- (रूपये दस हजार रूपये मात्र) नगद अथवा सावधि जमा अथवा साल्वेंसी के रूप में संस्था में जमा करना होगा ।
4. चयनित अभ्यर्थी एक वर्ष की अवधि तक परिवीक्षा पर कार्यरत रहेगा। तत्पश्चात उसे नियमित किया जायेगा ।

**(फ) वेतन -**

प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के प्रबंधकों को छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ मर्या. रायपुर द्वारा निर्धारित वेतन देय होगा ।

(ग) यात्रा भत्ता - प्रबंधकों को संघ द्वारा स्वीकृत दरो पर यात्रा भत्ता देय होगा ।

प्रबंध संचालक
जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, धमतरी

प्रति,

**आवेदन पत्र का प्रारूप**

प्रबंध संचालक
जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, धमतरी,

स्वयं द्वारा सत्यापित फोटो चस्पा करें

आवेदित पदनाम :---------------------------------
समिति का नाम :---------------------------------

1. आवेदक का नाम --------------------------------
2. पिता/पति का नाम --------------------------------
3. जन्म तिथि (अंको में) (शब्दो में) --------------------------------
4. दिनांक 01/01/.2024 की स्थिति में आयु---------वर्ष-------माह -------दिन----
5. जाति वर्ग (अना./अ.जा./आ.ज.जा./अ.पि.वर्ग) --------------------------------

(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण-पत्र) की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)

1. स्थायी पता --------------------------------

(क्रमशः)

(पिछले पृष्ठ का शेष)

--------------------------------

2. डाक व्यवहार का वर्तमान पता एवं टेलीफोन नम्बर --------------------------
3. क्या आप छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है (हां नही)----------------------------
(यदि हां, तो प्रमाण-पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)
4. लिंग (महिला/पुरुष)
5. यदि आप विवाहित है तो विवाह की तिथि------------------------------------
6. जीवित बच्चों की संख्या ----------------------------------

| पुरुष | | | महिला | | |
|---|---|---|---|---|---|
| विवाहित | अविवाहित | विधुर | विवाहित | अविवाहित | विधवा/परित्यक्त्या/तलाकशुदा |
| | | | | | |

रोजगार कार्यालय का नाम ----------------------------------
7. जीवित पंजीयन क्रमांक नाम दिनांक ----------------------------------

8. शैक्षणिक योग्यता का विवरणः-

| क्र. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड/वि.वि. /संस्था का नाम | कुल प्राप्तांक | श्रेणी | प्राप्तांको का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |

(प्रमाण-पत्र एवं अंकसूची की स्वयं द्वारा सत्यापित प्रति संलग्न करें)

9. कार्यानुभव :-

| क्र. | कार्य का नाम | कार्यालय का नाम | कार्यावधि |
|---|---|---|---|
| | | | |

10. वर्तमान तथा पूर्व शासकीय सेवा का विवरण-------------------------------
अ. नियोक्ता कार्यालय का नाम -------------------------------
ब. धारित पद का नाम एवं वेतनमान -------------------------------
11. यदि अभ्यर्थी के विरूद्ध दाण्डिक प्रकरण किसी पुलिस थाना न्यायालय में लंबित है अथवा न्यायालय से निराकृत हो चुका है? यदि हां तो संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण क्रमांक तथा निर्णय आदि की जानकारी का स्पष्ट रूप से उल्लेख करें ।
12. तेन्दूपत्ता संग्रहण की वर्षवार जानकारी

| वर्ष 2020 | | वर्ष 2021 | | वर्ष 2022 | | वर्ष 2023 | | वर्ष 2024 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संग्रहण कार्ड क्र. | संग्रहित गड्डी संख्या | संग्रहण कार्ड क्र. | संग्रहित गड्डी संख्या | संग्रहण कार्ड क्र. | संग्रहित गड्डी संख्या | संग्रहण कार्ड क्र. | संग्रहित गड्डी संख्या | संग्रहण कार्ड क्र. | संग्रहित गड्डी संख्या |
| | | | | | | | | | |

**आवेदक के हस्ताक्षर**

घोषणा-पत्र

मैं घोषणा करता करती हूं कि मैने विज्ञापित पद की पात्रता संबंधी शर्तों को पढ़ लिया है। इस आवेदन पत्र में प्रस्तुत समस्त जानकारी पूर्णतः सत्य एवं सही है, कोई भी जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकेगा एवं चयन के दौरान भी मेरी नियुक्ति बिना नोटिस के समाप्त की जा सकेगी ।

दिनांक--------
स्थान---------

**आवेदक के हस्ताक्षर**

संलग्न सत्यापित सहपत्रों का विवरण
(संलग्न किए गए सहपत्र पर सही का निशान लगावें)
1. छत्तीसगढ़ के मूल निवासी का प्रमाण-पत्र
2. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के उम्मीद्वारों का जाति प्रमाण-पत्र
3. शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण-पत्र
4. रोजगार कार्यालय का पंजीयन प्रमाण-पत्र
5. तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्ड सहकार)

**आवेदक के हस्ताक्षर**

# कार्यालय अधिष्ठाता
## स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शास० चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ (छ०ग०)

**(दूरभाष क्र. 07762-220742 वेबसाईट www.gmcraigarh.edu.in ई-मेल gmcraigarh.2013@gmail.com)**

क्रमांक/शा.चि.म./स्था./2024/8766 रायगढ़, दिनांक 10.09.2024

**// Walk-in-Interview //**

स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ (छ०ग०) के प्राध्यापक, सह-प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, सीनियर रेसीडेंट के वर्तमान रिक्त पद के साथ समय-समय पर रिक्त होने वाले पदों पर छ०ग० सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 में उल्लेखित शर्तों के अधीन संविदा भर्ती किया जाना है, इस हेतु शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ (छ०ग०) में विज्ञापन प्रकाशन तिथि से प्रत्येक कार्य दिवस में 'वाक-इन-इन्टरव्यू आयोजित है।

**दिनांक 10.09.2024 की स्थिति में रिक्त पदों की संख्या निम्नानुसार है :-**

1 प्राध्यापक - 11 (फार्मा.-1, माइक्रो-01, एफ.एम.टी.-1, मेडिसीन-01, शिशुरोग-1, चर्म एवं रतिजरोग-1, अस्थिरोग-1, नेत्ररोग-1,रेडियोडायग्नोसिस-01, प्रसूति एवं स्त्रीरोग-1, ईमरजेंसी मेडिसीन-01)
2. सह प्राध्यापक - 08 (एनाटॉमी 1 फिजियो 1 फार्मा-01 माइक्रो-1 मनोरोग-1, निश्चेतना-2. रेडियोडायग्नोसिस-1)
3. सहायक प्राध्यापक- 20 (एनाटामी 1 फिजियो-2, बायो-2, पैथो-1 माइक्रो-1 पी.एस.एम.-3. मेडिसीन-2, शिशुरोग-1 मनोरोग-1. अस्थिरोग-2. स्त्री एवं प्रसूतिरोग-1 निश्चेतना-1, रेडियोडायग्नोसिस-1 ईमरजेंसी मेडिसीन-1)
4. सीनियर रेसीडेंट- 23 (मेडिसीन-4, शिशुरोग-1 चर्म एवं रतिजरोग-1, मनोरोग-1, टीबी चेस्ट-1 ई.एन.टी-1, प्रसूति एवं स्त्रीरोग-1,निश्चेतना-1, रेडियोडायग्नोसिस-2. ईमरजेंसी मेडिसीन-9, दंतरोग-1)

"वॉक-इन-इन्टरव्यू के संबंध में विस्तृत जानकारी, स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति, शास० चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ (छ०ग०) की वेबसाईट www.gmcraigarh.edu.in एवं चिकित्सा महाविद्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

अधिष्ठाता
स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति,
चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ (छ०ग०)

# कार्यालय आयुक्त
## आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास

**ब्लॉक 4 डी, भूतल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर (छत्तीसगढ़)**
**website-tribal.cg.gov.in -2263708 Fax - 2262558 E mall-ctd.cg@nic.in**

क्रमांक /अ०सं०/05 पार्ट-2/2024-25/5753 नवा रायपुर, दिनांक 04/09/2024

**संशोधित विज्ञप्ति**

कार्यालयीन पत्र कमांक/अ.स./05 पार्ट-02/2024-25/5322 नवा रायपुर दिनांक 31.08.2024 के द्वारा बिन्दु कमांक-02 सम्मान का स्वरूप स्व० हाजी हसन अली पुरस्कार वर्ष - 2024 की राशि रू. 1.00 लाख नगद अंकित है को संशोधित करते हुये राशि रू. 2.00 लाख पढ़ा जाय एवं बिन्दु कमांक-03 (3.1) में आवेदन / प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तिथि 20.09.2024 निर्धारित था के स्थान पर दिनांक 30.09.2024 समय शाम 5.00 बजे तक पढ़ा जाय। शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेगी।

(नरेन्द्र कुमार दुग्गा)
आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

क्रमांक/एड्स/2024/10453 बिलासपुर दिनांक 18/9/2024

अतिरिक्त परियोजना संचालक, छ०ग० राज्य एड्स नियंत्रण समिति के पत्र कमांक/ एड्स/स्थापना/2024/219 रायपुर दिनांक 18.06.2024 तथा छत्तीसगढ़ राजपत्र प्रकाशन कमांक 545 दिनांक 21 अक्टूबर 2021 को प्रकाशित अधिसूचना (आरक्षण रोस्टर संबंधी) के परिपालन में NACO की गाईडलाईन के आधार पर सिम्स चिकित्सालय बिलासपुर के ए.आर.टी. एवं आईसीटीसी सेंटर हेतु निम्नानुसार रिक्त संविदा पदों की भर्ती किये जाने हेतु योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है, उपरोक्त संविदा पदों हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यताएँ निम्नानुसार हैं:-

| S.n. | Post | Essential Qualification | Desirable | Essential Experience |
|---|---|---|---|---|
| 01 | **ART/ ICTC Counselor Total Post - 02 (01 SC, 01-OBC) (Salary per Month - 21000.00)** | Graduate degree holder in Psychology/Social Work/ Sociology/ Anthropology/ Human development/ Nursing with 3 years of experience in counseling/educating/educ ating under National Health Programme OR Post-graduate in Psychology/ Social Work/ Sociology/Anthropology/ Human development/Nursing If Candidate is a person living with HIV/AIDS (PLHIV), Graduate degree holder in Psychology/Social Work/ Sociology/ Anthropology/ Human development/ Nursing with 01 years of experience in counseling/educating/educ ating under National Health Programmes | Experience of Working under the National AIDS and STD Control Programme (NACP) facility or Community settings. -The Candidate should be Computer literate with working knowledge of MS Office, usage of internet and electronic mail. -Familiarity with government health policies and related programmes. -Ability to work in teams, and flexiable ways of working as per the need of programme. | - |
| 02 | **Data Manager Total Post- 02 (01 GN, 01-SC) (Salary per Month - 21000.00)** | Graduate in any discipline with Diploma in Computer Applications (from a recognized institute or university) | Working experience in data management and working knowledge of health related softwares | Graduate or Masters in Statistics/Mathematics will be preferred. Work Experience in HIV/AIDS Programme in field settings. |
| 03 | **Staff Nurse. Total Post- 03 (02 GN, 01-SC) (Salary per Month - 21000.00)** | Bsc. Nursing OR GNM Candidate must be registered in State Nursing Council | Community candidates from HIV infected and affected as well as key communities. | The Candidate should be computer Literate with working knowledge of MS office, usage of internet and electronic mail. Engagement with key populations and affected communities at field level. |

### जिला स्तरीय चयन प्रकिया के संबंध में दिशा-निर्देश

आवेदक विभागीय वेबसाईट www.bilaspur.gov.in में विज्ञापन अनुसार आवेदन पत्र का प्रारूप डाउनलोड कर सकते है। आवेदन पत्र दिनांक 20.09.24 से 04.10.24 शाम 5:00 बजे तक स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक से लिफाफे के उपर कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, नूतन चौक, सरकण्डा, जिला बिलासपुर पिनकोड 495001 पर आवेदन प्रस्तुत किए जायेंगे। निर्धारित तिथी के पश्चात् एवं अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। आवेदकों को आवेदन करने हेतु निम्नानुसार नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा :-

**नियम व शर्ते :-**

1. संविदा नियुक्ति पूर्णताः अस्थाई होगी।
2. पदों की संख्या में परितवर्तन हो सकता है।
3. शैक्षणिक, कम्प्युटर योग्यता मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से होना अनिवार्य है।
4. आवेदन पत्र के साथ जमा किये जाने वाले समस्त अभिलेख स्वसत्यापित होना अनिवार्य है सत्यापित नहीं होने पर आवेदन निरस्त माना जायेगा।
5. अपूर्ण अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में कोई विचार नहीं किया जायेगा और ना ही उक्त संबंध में दावा आपत्ति स्वीकार की जायेगी।
6. शासकीय/अर्धशासकीय संस्था में कार्यरत उम्मीदवारों को अपना नियोक्ता संस्था से अनापत्ति प्रमाण की मूल प्रति आवेदन में संलग्न करना अनिवार्य है।
7. प्रत्येक पद के लिए प्रतीक्षा सूची बनायी जाएगी जिसकी वैधता 01 वर्ष होगी।
8. शासकीय एवं अर्धशासकीय संस्थान में संबंधित कार्यक्षेत्र के अनुभव को ही मान्य माना जायेगा।
9. Eligibility criteria में दिये गये अनुसार PLHIV (People living with HIV) को अनुभव में शासन द्वारा प्रदत्त छुट की पात्रता होगी। जिसके लिये आवेदन में वैधानिक दस्तावेज संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।
10. भर्ती प्रक्रिया के दौरान होने वाली किसी भी प्रकार के विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार जिला चयन समिति को होगा जो सभी आवेदक को मान्य होगा।
11. मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नहीं होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों की जांच की जाएगी। इसमें सही पाये जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
12. उपरोक्त संविदा अवधि 31 मार्च 2025 तक के लिये होगी, कार्य मूल्यांकन संतोषजनक होने की स्थिति में उक्त अवधि की वृद्धि की जा सकती है। नियमित भर्ती किये जाने पर संविदा पद स्वतः निरस्त हो जायेंगे।
13. चयनित अभ्यर्थी को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात किसी भी समय नोटिस देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। इसी प्रकार उक्त अभ्यर्थी को त्याग पत्र देने के पूर्व एक माह पहले सूचना देना होगा अन्यथा उनके द्वारा एक माह का वेतन जमा किया जाएगा ।
14. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी से जाति प्रमाण पत्र एवं उच्च स्तरीय छानबीन समिति से सत्यापन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
15. उक्त संविदा पद अस्थानांतरणीय होगा तथा नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नहीं देने के स्थिति में चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जायेगी।
16. संविदा पद नियुक्ति कर्मचारी का Performance Appraisal नियंत्रण अधिकारी द्वारा किया जावेगा।
17. विज्ञापन में विज्ञापित पद अनुरूप निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थी के ही आवेदन स्वीकार किये जायेंगे।
18. आवेदित पद पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। अंतिम रूप से नियुक्त रिक्त पदों की वास्तविक उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक प्रकिया/मापदण्डों पर निर्भर करेगी।
19. चयनित अभ्यर्थी को कार्य पर उपस्थिति हेतु 07 कार्य दिवस का अवसर दिया जाना होगा।
03/ परीक्षा पद्धति दिये गये प्रश्नों के चार विकल्प में से एक विकल्प सही होगा। सही विकल्प पर उत्तरशीट (OMR) में नीले/काले डॉट पेन से गोला को पूर्णतः भरना होगा। इसी प्रकार गलत उत्तर अथवा एक से अधिक उत्तर अंकित करने पर ऋणात्मक अंक का प्रावधान किया गया है। एक गलत उत्तर के लिए सही उत्तर हेतु निर्धारित अंक का 1/4 अंक काटे जायेंगें।

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास गरियाबंद

# प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक धरोहर का अद्वितीय संगम

विश्व पर्यटन दिवस 2024 की थीम है, "पर्यटन और शांति" है। छत्तीसगढ़ के अद्भुत पर्यटन स्थल हमारे राज्य की समृद्ध संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य का सजीव उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। "द बेस्ट टूरिज्म विलेज कंपीटिशन" में बस्तर जिले के दूढमारस और चित्रकोट को विशेष रूप से सम्मानित करने की घोषणा की गई है। दूढमारस गांव को एडवेंचर टूरिज्म के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए चुना गया है, जबकि चित्रकोट को सामुदायिक आधारित पर्यटन में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि पर जनता, अधिकारियों और स्थानीय समुदायों को बधाई दी।



**चित्रकोट और दूढमारस की धरोहर**

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के ये दोनों गांव, दूढमारस और चित्रकोट, राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और प्राकृतिक संपदा के प्रतीक हैं। चित्रकोट का प्रसिद्ध जलप्रपात, विंध्य पर्वत की पर्वत श्रृंखला से होकर बहने वाली इंद्रावती नदी के जल से निर्मित होता है, जिसे भारत का नियाग्रा भी कहा जाता है। दूढमारस गांव अपने एडवेंचर टूरिज्म के लिए प्रसिद्ध है, जहां पर्यटक रोमांचक गतिविधियों का अनुभव कर सकते हैं।



**बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य**

लगभग 250 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला बारनवापारा वन्यजीव अभ्यारण्य महासमुंद जिले के उत्तरी भाग में स्थित है इसे वन्यजीव अभयारण्य के रूप में 1972 में वन्यजीवन अधिनियम के तहत घोषित किया गया था। दुनिया भर से सैकड़ों पर्यटक इस अभ्यारण्य में हरे-भरे जंगल का आनंद लेने आते हैं।


- **यात्रा का सर्वोत्तम समयः** नवंबर से जून के बीच
- **परिचालन समयः** सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक
- **प्रवेश शुल्कः** 30 प्रति व्यक्ति
- **कैसे पहुंचेः** सड़क मार्ग से



**जंगल सफारी : आधुनिक और विशेष प्राणि उद्यान**

जंगल सफारी एक आधुनिक और विशेष प्राणि उद्यान है, जो सेक्टर -39 नवा रायपुर में स्थित है। यह उद्यान 320.15 हेक्टेयर (800 एकड़) के विशाल क्षेत्र में फैला हुआ है, इसमें 130 एकड़ का 'खांडवा जलाशय' नामक जल निकाय है,जिसमें विभिन्न प्रजातियों के वन्य जीवों को उनके प्राकृतिक आवास में रखा गया है।

- **यात्रा का सर्वोत्तम समयः** जनवरी से दिसंबर
- **परिचालन समयः** सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक
- **प्रवेश शुल्कः** 100 प्रति व्यक्ति
- **कैसे पहुंचेः** सड़क मार्ग से



**मैनपाट : छत्तीसगढ़ का तिब्बत**

छत्तीसगढ़ में मैनपाट अपनी लुभावने झरनों और वर्षावनों का संगम के लिए प्रसिद्ध है। छत्तीसगढ़ के मैनपाट को 'छोटा तिब्बत' के नाम से भी जाना जाता है। यहां तिब्बतियों की सभ्यता संस्कृति, के साथ यहां के स्थानीय बासिंदों पर भी दोनों परंपराओं का खासा असर देखने को मिलता है।

- **यात्रा का सर्वोत्तम समयः** नवंबर से मार्च
- **परिचालन समयः** पूरे दिन खुला
- **प्रवेश शुल्कः** निःशुल्क
- **कैसे पहुंचेः** सड़क मार्ग से



**सिरपुर : दक्षिण कोसल की राजधानी**

प्राचीन काल में (सोमवंशीय सम्राटों के समय) सिरपुर को 'श्रीपुर' के नाम से जाना जाता था और यह दक्षिण कोसल की राजधानी थी। धार्मिक और आध्यात्मिक ज्ञान-विज्ञान के साथ-साथ महत्वपूर्ण और मौलिक प्रयोगों के महत्व के कारण भारतीय कला के इतिहास में सिरपुर का विशेष स्थान है।

- **यात्रा का सर्वोत्तम समयः** जनवरी से मार्च
- **परिचालन समयः** सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक
- **प्रवेश शुल्कः** 25 प्रति व्यक्ति
- **कैसे पहुंचेः** सड़क मार्ग से



**मदकू द्वीप: ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर**

55 एकड़ में फैला मदकू द्वीप छत्तीसगढ़ राज्य के मुंगेली जिला में शिवनाथ नदी पर स्थित है। इस द्वीप पर प्राचीन शिव मंदिर एवं कई स्थापत्य खंड हैं। पुरातत्व विभाग द्वारा खुदाई में गुप्तकालीन एवं कल्चुरी कालीन प्राचीन मूर्तियाँ मिली हैं। पौराणिक मान्यतानुसार केदार द्वीप के नाम से प्रसिद्ध है।

- **यात्रा का सर्वोत्तम समयः** जनवरी से दिसम्बर
- **परिचालन समयः** पूरे दिन खुला
- **प्रवेश शुल्कः** निःशुल्क
- **कैसे पहुंचेः** सड़क मार्ग से




**भोरमदेव मंदिर : छत्तीसगढ़ का खजुराहो**

छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में स्थित है और इसे बिल्कुल खजुराहो मंदिर और कोणार्क सूर्य मंदिर के आकार में बनाया गया है। 7वीं से 11वीं शताब्दी के बीच निर्मित इस मंदिर में खजुराहो मंदिर की झलक देखने को मिलती है, इसलिए इस मंदिर को "छत्तीसगढ़ का खजुराहो" भी कहा जाता है।

- **यात्रा का सर्वोत्तम समयः** अक्टूबर से फरवरी
- **परिचालन समयः** सुबह 9 बजे से शाम 6:30 बजे तक
- **प्रवेश शुल्कः** निःशुल्क
- **कैसे पहुंचेः** सड़क मार्ग से

# साहित्य की धरोहर को समर्पित, छत्तीसगढ़ के पत्रकारिता पुरस्कार

छत्तीसगढ़ सरकार ने पत्रकारिता के क्षेत्र में बेहतरीन योगदान देने वाले पत्रकारों को सम्मानित करने के लिए प्रतिष्ठित चंदूलाल चंद्राकर, मधुकर खेर, और पंडित माधवराव सप्रे स्मृति पुरस्कारों की घोषणा की है। ये पुरस्कार उन पत्रकारों को दिए जाते है, जिन्होंने अपनी लेखनी के जरिए छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर, सामाजिक विकास और जनहित के मुद्दों पर गहरी, प्रभावशाली और सार्थक रिपोर्टिंग कर राज्य को राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित किया है।



## चंदूलाल चंद्राकर

**पेशाः पत्रकार और राजनेता**
**जन्मः 1 जनवरी 1920, निपानी गांव, दुर्ग जिला,**
**मृत्युः 2 फरवरी 1995**

चंदूलाल चंद्राकर का जन्म 1 जनवरी 1920 को दुर्ग जिले के निपानी गांव में हुआ था। चंदूलाल चंद्राकर 1945 में हिंदुस्तान टाइम्स के लिए पत्रकार बने, उनकी कहानियाँ अन्य भारतीय और विदेशी अख़बारों में भी प्रकाशित हुईं। उन्होंने नौ ओलंपिक खेलों और तीन एशियाई खेलों की रिपोर्टिंग की। चंदूलाल चंद्राकर ने डेली इंडिया में संपादक के रूप में काम किया। 1970 में पहली बार लोकसभा के लिए चुने गए। उन्होंने पर्यटन, नागरिक उड्डयन, कृषि, ग्रामीण विकास मंत्री के रूप में कार्य किया। श्री चंद्राकर का निधन 2 फरवरी 1995 को हुआ।

### चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार

छत्तीसगढ़ शासन, जनसम्पर्क विभाग ने प्रख्यात पत्रकार स्व. चन्दूलाल चन्द्राकर की स्मृति को चिरस्थायी रखने के प्रयोजन से पत्रकारिता के माध्यम से राज्य की संस्कृति, समृद्धि और विकास के संबंध में रचनात्मक लेखन के लिए पत्रकारों को प्रोत्साहित करने और उत्कृष्ट रिपोर्टिंग के लिए 'चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार' प्रदान किया जाता है।

### पुरस्कार का स्वरूप

वर्ष के दो चयनित पत्रकारों को पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट रिपोर्टिंग के लिए चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार राशि रुपये 50 हजार 50 हजार (रुपए पचास-पचास हजार) नगद, दिए जाते है।

### चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार सम्मान से सम्मानित

| वर्ष | पत्रकार |
|---|---|
| 2015 | गुरुदेव कश्यप, संजय कुमार शेखर |
| 2016 | नरेश मिश्रा |
| 2017 | आसिफ इकबाल, अवधेश मिश्रा |
| 2018 | - |
| 2019 | रोम शंकर यादव, ज्ञानेंद्र तिवारी |
| 2020 | ब्रम्हवीर सिंह, ममता लांजेवार |
| 2021 | अंबू शर्मा, अंशुमान शर्मा |
| 2022 | धनंजय वर्मा, अमितेश पांडेय, डॉ वैभव शिव पांडेय |

## पुरस्कारों के लिए इन मापदंडों का किया जाता है पालन

### निर्णायक मंडल का गठन

राज्य शासन पत्रकारिता के क्षेत्र के महत्वपूर्ण कार्य के जानकार व्यक्तियों का एक निर्णायक मंडल जो सामान्यतः चार सदस्यीय का गठन करता है। आयुक्त / संचालक जनसंपर्क निर्णायक मंडल के सदस्य सचिव होते हैं।

### निर्णायक मंडल की शक्तियां

- निर्णायक मंडल द्वारा किया गया चयन अंतिम एवं शासन के लिए बंधनकारी होगा।
- पुरस्कार के चयन के संबंध में कोई आपत्ति अथवा अपील स्वीकार नहीं की जाएगी।
- प्रत्येक वर्ष के पुरस्कार के लिए दो पत्रकारों का चयन होगा।





- निर्णायक मंडल के माननीय सदस्यों को चयन प्रक्रिया के लिए आमंत्रित किये जाने पर उन्हें राज्य शासन के प्रथम श्रेणी के अधिकारी के समकक्ष श्रेणी में यात्रा करने तथा भत्ता प्राप्त करने का अधिकार प्राप्त होगा।

### चयन की प्रक्रिया

जिस वर्ष के लिए पुरस्कार प्रदान किया जाना है। उस वर्ष के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित करने हेतु प्रमुख सचिव / सचिव अथवा आयुक्त जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रमुख समाचार पत्रों में राज्य शासन की ओर से जनसंपर्क संचालनालय के माध्यम से विज्ञापन प्रकाशित कराया किया जाता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त प्रविष्टियां विचार के लिए मान्य नहीं की जाती है।

### चयन का मानदंडः-

- निर्णायक मंडल (जूरी) द्वारा ऐसे व्यक्ति का चयन किया जायेगा, जिन्होंने छत्तीसगढ़ से संबंधित लोकहित से जुड़े गंभीर और महत्वपूर्ण विषयों पर पुरस्कार वर्ष के सितंबर माह के पूर्व वर्ष के 31 अगस्त से एक वर्ष के बीच रिपोर्टिंग की हो।



## मधुकर खेर

**पेशाः पत्रकार**
**जन्मः 12 फरवरी, 1928, रायपुर**
**मृत्युः 31 मार्च, 1996**

मधुकर खेर का जन्म 12 फरवरी, 1928 को रायपुर में हुआ था। राजनीति विज्ञान में एमए करने के बाद पत्रकारिता की शुरुआत वर्ष 1948 में नागपुर के साप्ताहिक युगांतरकारी समाचार और महाकाल से हिन्दुस्तान समाचार से की। 1950 से दैनिक युगांतरकारी समाचार और अंग्रेजी दैनिक नागपुर टाइम्स में दैनिक हितबाद, इंडियन एक्सप्रेस, मुंबई, इंडियन एक्सप्रेस, दिल्ली और विजयनगरम का स्वतंत्र प्रतिनिधित्व किया। 31 मार्च 1996 को संक्षिप्त बीमारी के बाद उनका निधन हो गया।

### मधुकर खेर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार

छत्तीसगढ़ शासन, जनसम्पर्क विभाग में प्रख्यात पत्रकार स्व. मधुकर खेर की स्मृति को चिरस्थायी रखने के प्रयोजन से पत्रकारिता के माध्यम से राज्य की संस्कृति, समृद्धि और विकास के संबंध में रचनात्मक लेखन के लिए, पत्रकारों को प्रोत्साहित करने और उत्कृष्ट रिपोर्टिंग के लिए उन्हें सम्मानित करने के लिए 'मधुकर खेर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार प्रदात करने का निर्णय लिया है यह पुरस्कार प्रति वर्ष दो पत्रकारों एक प्रिंट मीडिया व एक इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से दिया जाता है।

### पुरस्कार का स्वरूप

वर्ष के दो चयनित पत्रकारों को पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट रिपोर्टिंग के मधुकर खैर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार राशि रुपये 50 हजार 50 हजार (रुपए पचास-पचास हजार) नगद, दिए जाते है।

### मधुकर खेर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार सम्मान से सम्मानित

| वर्ष | पत्रकार |
|---|---|
| 2016 | समीर शुक्ला |
| 2017 | ई व्ही मुरली |
| 2018 | - |
| 2019 | रश्मि डोलिया |
| 2020 | रितेश मिश्रा |
| 2021 | टिकेश्वर पटेल |
| 2022 | कुन्नाथुल्ली नकुलन किशोर |

माधवराव सप्रे का जन्म सन् 1871 में दमोह जिले के पथरिया ग्राम में हुआ था। बिलासपुर में मिडिल तक की पढ़ाई के बाद मैट्रिक शासकीय विद्यालय रायपुर से उत्तीर्ण किया। 1899 में कलकत्ता विश्वविद्यालय से बी ए करने के बाद उन्हें तहसीलदार के रूप में शासकीय नौकरी मिली लेकिन सप्रे जी ने भी देश भक्ति प्रदर्शित करते हुए अँग्रेज़ों की शासकीय नौकरी की परवाह न की। सन 1900 में जब समूचे छत्तीसगढ़ में प्रिंटिंग प्रेस नहीं था तब इन्होंने बिलासपुर जिले के एक छोटे से गांव पेंड्रा से "छत्तीसगढ़ मित्र" नामक मासिक पत्रिका निकाली। 1926 में उनकी मृत्यु हो गया।

### पंडित माधव राव सप्रे स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ऐसे मनीषी / व्यक्ति जिन्होंने मीडिया के क्षेत्र में अपने विशिष्ट रचनात्मक लेखन और हिन्दी भाषा के प्रति समर्पण भाव से रचनात्मक कार्य करके राष्ट्र का गौरव बढ़ाया हो, उन्हें "पंडित माधवराव सप्रे राष्ट्रीय रचनात्मकता सम्मान" दिये जाते है। सम्मान के विनियमन एवं प्रक्रिया निर्धारण हेतु, राज्य सरकार, एतद् द्वारा, भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त कार्यपालक शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है।



## माधव राव सप्रे

**पेशाः पत्रकार और राजनेता**
**जन्मः 1871, पथरिया, दमोह जिला, मध्य प्रदेश**
**मृत्युः 1926**

### पंडित माधव राव सप्रे स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार सम्मान से सम्मानित

| वर्ष | पत्रकार |
|---|---|
| 2016 | विजय दत्त श्रीधर |
| 2017 | हिमांशु द्विवेदी |
| 2018 | - |
| 2019 | रवीश कुमार |
| 2020 | राजेश बोड़पकर |
| 2021 | मृणाल पाण्डे |
| 2022 | सुदीप ठाकुर |

### सम्मान निधि

प्रशस्ति पत्र के साथ रुपये 2.50 लाख की सम्मान राशि प्रदान की जाती है। सम्मान के लिए विचारण क्षेत्र सम्पूर्ण भारत होता है।

### निर्णायक मंडल का गठन

राज्य शासन द्वारा निर्णायक मंडल का गठन किया जाता है। निर्णायक मंडल में मुख्यमंत्री द्वारा नामांकित रचनात्मक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे तीन महत्वपूर्ण व्यक्ति और छत्तीसगढ़ के किसी एक शासकीय विश्वविद्यालय के कुलपति भी शामिल रहते है। सचिव/आयुक्त/संचालक जनसंपर्क निर्णायक मंडल के सदस्य सचिव होते है।

### निर्णायक मंडल की शक्तियां

- सम्मान के लिए प्राप्त प्रस्तावों, अनुशसाओं के आधार पर निर्णायक मंडल द्वारा चयन के लिए निर्णय लेकर राज्य शासन के समक्ष अपनी अनुशंसा प्रस्तुत की जाएगी।
- संबंधित सम्मान वर्ष के लिए प्राप्त प्रस्तावों के आलावा निर्णायक मंडल स्व विवेक से ऐसे व्यक्ति के नाम पर भी विचार कर सकेगा, जिन्हें वह सम्मान के उद्देश्यों के अनुरूप पाए।
- प्रत्येक वर्ष के सम्मान के लिए केवल एक व्यक्ति का चयन होगा।

## छत्तीसगढ़

### राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का राष्ट्रनिर्माण में अहम योगदान: मुख्यमंत्री




मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय NSS स्थापना दिवस और सम्मान समारोह शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के स्वयंसेवक राष्ट्रनिर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सेवा का महत्वपूर्ण कार्य किया है, जिसमें स्वच्छता और साक्षरता अभियान के साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस अवसर पर उन्होंने NSS राज्य इकाई के लिए 50 लाख रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के 1.06 लाख NSS स्वयंसेवकों की ऊर्जा और उत्साह से प्रदेश का भविष्य उज्जवल है।

### मुख्यमंत्री की पहल पर आदिवासी क्षेत्र में युवाओं का संवर रहा भविष्य

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में युवाओं का भविष्य संवर रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देश के बाद जिला प्रशासन की ओर से रोजगार एवं कौशल विकास को लेकर अनेक कार्य हो रहे है। जिससे विशेष पिछड़ी जनजातियों और आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए सार्थक पहल किया जा रहा है। इसी कड़ी में जशपुर जिला प्रशासन ने अभिनव पहल की है, इससे युवाओं का जीवन बदल रहा है। यहां युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए जशपुर में आवासीय नवसंकल्प शिक्षण संस्थान संचालित है। जहां आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराई जा रही है। विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा दूरस्थ अंचल के बच्चों को वर्तमान में राज्य सेवा परीक्षा, उप पुलिस निरीक्षक, आरक्षक, शिक्षक भर्ती एवं नेट, सेट, व्यापमं द्वारा आयोजित की जाने वाली भर्ती परीक्षाएं, बैंकिंग, अग्निवीर और एसएससी सहित अन्य भर्ती परीक्षाओं की तैयारी करवाई जा रही है।

### ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन की अपार संभावनाएं

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की गरिमामय उपस्थिति में गुजरात में आयोजित ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर मीट-2024 के दौरान आयोजित ''ग्रीन हाइड्रोजन सीईओ राउंड टेबल'' कॉन्फ्रेंस में निवेशकों को यह जानकारी दी गई कि छत्तीसगढ़ में ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। हरित अर्थव्यवस्था के निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ में निवेश करने वाले निवेशकों को राज्य की नवीन औद्योगिक नीति 2024-29 के तहत हर संभव प्रोत्साहन और सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस कॉन्फ्रेंस में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व, छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण (सीबीडीए) के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुमित सरकार द्वारा किया गया।

### प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान 6691 गांवों का होगा कायाकल्प

छत्तीसगढ़ के आदिवासी अंचलों में साढ़े 6 हजार से अधिक गांवों में लोगों के बेहतर जीवन स्तर के लिए 'प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' के अंतर्गत गांवों में आदिवासी परिवारों के सामाजिक-आर्थिक विकास के साथ-साथ सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने केन्द्र सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना का राज्य में बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की कैबिनेट द्वारा हाल में ही इस योजना को मंजूरी दी गई है। इस अभियान के तहत आदिवासी बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों में आदिवासी परिवारों के सामाजिक-आर्थिक विकास संबंधी उपलब्धि अर्जित करने, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, कनेक्टिविटी एवं लाईवलीहुड आदि अत्यावश्यक सेक्टर्स का अधोसंरचनात्मक सुधार के कार्य किए जाएगें।

### मतदान के प्रति जन-जागरुकता लाने विशेष अभियान

बलरामपुर जिले में जाबो (जागव बोटर) कार्यक्रम के अंतर्गत नगरीय निकाय एवं पंचायत आम चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। शिक्षा विभाग द्वारा रैलियों, मानव श्रृंखलाओं, रंगोली, और चित्रकला के माध्यम से मतदाता जागरूकता बढ़ाई जा रही है। छात्र-छात्राएं अपने मोहल्लों में लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं, जबकि दीवार लेखन के माध्यम से भी मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करना है, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत किया जा सके।

### नक्सल पीड़ितों ने राष्ट्रपति से की मुलाकात मुख्यमंत्री साय की पहल से जागी नई उम्मीद

बस्तर के नक्सल पीड़ितों का 70 लोगों का प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मिला। इस मुलाकात का आयोजन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल के तहत हुआ, जिसमें पीड़ितों ने माओवादी हिंसा से हुई तबाही की व्यथा सुनाई। उन्होंने बस्तर में शांति बहाल करने की अपील की। राष्ट्रपति मुर्मु ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया और आश्वासन दिया कि सरकार बस्तर के विकास और शांति के लिए हरसंभव प्रयास करेगी।

### जनदर्शन : संवेदना से सुशासन का सफर

संवेदनशील शासन व्यवस्था से सुशासन को कैसे जन-जन तक पहुंचाया जा सकता है, छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय की उपस्थिति में होने वाला जनदर्शन कार्यक्रम। 19 सितंबर को आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में राज्य के कोने-कोने से पहुंचे लोगों ने जिस तरह तत्काल अपनी समस्याओं का समाधान पाया, उससे सीएम साय सहयोग, समन्वय और संवाद से जनता की समस्याओं के समाधान की आदर्श व्यवस्था विकसित कर रहे हैं।

जनदर्शन में आर्थिक सहायता की उम्मीद लेकर पहुंची सुश्री अंजुम को अपने कैंसर पीड़ित भाई के उपचार हेतु 20 हजार रूपए की आर्थिक सहायता का चेक मुख्यमंत्री के हाथों मिला। एक हादसे में दिव्यांग हो चुके विवेक को पिछले जनदर्शन में सीएम के हाथों मिले वॉकर से एक बड़ा संबल मिला है। पोलियो से पीड़ित बीजापुर के राजूराम वाचम को हर दिन 11 किलोमीटर का सफर तय कर आईटीआई पहुंचना पड़ता था। उनकी इस समस्या का हल भी जनदर्शन में मिला। मुख्यमंत्री से मिली मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल ने न सिर्फ उनकी तकलीफें कम कीं, बल्कि उन्हें पढ़ाई जारी रखने की हिम्मत दी। रायपुर की उषा ठाकुर, जो ओरल कैंसर से पीड़ित हैं, उन्हें इलाज के लिए 1 लाख रुपए की आर्थिक सहायता मिली। महज 8 साल की उम्र से ढोलक पर अपनी महारत हासिल करने वाले विवेक को संगीत के प्रति गहरी रुचि हैजनदर्शन में श्री साय से मिलकर उन्होंने वाद्य यंत्र खरीदने के लिए सहायता की मांग की। मुख्यमंत्री ने बिना देर किए 15,000 रुपये की सहायता राशि का चेक सौंपा।

## राष्ट्रीय

### वन नेशन वन इलेक्शन प्रस्ताव कैबिनेट में मंजूर

देश में लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव (वन नेशन वन इलेक्शन) करवाने के प्रस्ताव को केंद्रीय कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। बिल शीतकालीन सत्र यानी नवंबर-दिसंबर में संसद में पेश किया जाएगा। कैबिनेट बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 'पहले फेज में विधानसभा और लोकसभा चुनाव साथ होंगे। इसके बाद 100 दिन के भीतर दूसरे फेज में निकाय चुनाव साथ कराए जाएं। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि सरकार इसी कार्यकाल में 'वन नेशन वन इलेक्शन' लागू करेगी। वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए बनाई गई पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी ने 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी। यह रिपोर्ट स्टेकहोल्डर्स-एक्सपर्ट्स से चर्चा के बाद 191 दिन की रिसर्च का नतीजा है। कमेटी ने सभी विधानसभाओं का कार्यकाल 2029 तक करने का सुझाव दिया है।

### मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 की विनर बनीं रिया



रिया सिंघा को मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का ताज पहनाया गया और वह वैश्विक मिस यूनिवर्स 2024 प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। फाइनल राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित किया गया था। मिस यूनिवर्स इंडिया ने इंस्टाग्राम पोस्ट पर बैकग्राउंड म्यूजिक ब्रिटिश रॉक बैंड कोल्डप्ले के गाने "माई यूनिवर्स" पर आधारित किया था। उर्वशी रौतेला ने उन्हें यह ताज पहनाया।

### लापता लेडीज' ऑस्कर के लिए भारत से नामित

किरण राव की 'लापता लेडीज' को ऑस्कर पुरस्कार 2025 के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के तौर पर चुना गया है। 'फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया' ने यह घोषणा की। पितृसत्ता पर हल्के-फुल्के व्यंग्य से भरपूर इस हिंदी फिल्म को 29 फिल्मों में से चुना गया है।

### चंद्र अभियान चंद्रयान-4 को मंजूरी

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने नए चंद्र अभियान चंद्रयान-4 को मंजूरी दी। इसका उद्देश्य अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर सफलतापूर्वक उतारने और उन्हें सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाने वाली प्रौद्योगिकी का विकास करना है। साथ ही चंद्रमा से नमूने लाकर उनका विश्लेषण करना है। साथ ही चांद और मंगल के बाद अब भारत ने शुक्र ग्रह की ओर कदम बढ़ाए हैं और सरकार ने वीनस ऑर्बिटर मिशन (वीओएम) को भी मंजूरी दी है।

### तुहिन को नीदरलैंड में भारत का राजदूत नियुक्त

कुमार तुहिन को नीदरलैंड साम्राज्य में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि 1991 बैच के भारतीय विदेश सेवा अधिकारी वर्तमान में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद में महानिदेशक हैं। उनके जल्द ही कार्यभार संभाने की उम्मीद है। वह 20 दिसंबर, 2021 को भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के महानिदेशक नियुक्त हुए थे। इससे पहले वे नवंबर 2018 से नवंबर 2021 तक हंगरी में राजदूत, जून 2015 से अक्तूबर, 2018 तक नामीबिया में उच्चायुक्त के रूप में कार्यरत रहे।

### मोहना तेजस उड़ाने वाली पहली महिला पायलट

स्क्वाड्रन लीडर मोहना सिंह स्वदेशी एलसीए तेजस फाइटर जेट का संचालन करने वाली विशिष्ट '18 फ्लाइंग बुलेट्स' स्क्वाड्रन में शामिल होने वाली पहली महिला फाइटर पायलट बन गई हैं। राजस्थान के झुंझुनूं जिले के पापड़ा गांव की ढाणी जीतरवालों की निवासी मोहना सिंह ने हाल ही जोधपुर में 'तरंग शक्ति' अभ्यास के दौरान तेजस लड़ाकू विमान में उड़ान भरी थी।

### एयर मार्शल अमरप्रीत होंगे नए वायुसेना प्रमुख

एयर मार्शल अमरप्रीत सिंह नए वायुसेना प्रमुख होंगे। वह मौजूदा वायुसेना प्रमुख एयर मार्शल विवेकराम चौधरी की जगह लेंगे। एयर मार्शल चौधरी 30 सितंबर को पद से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि अभी वायुसेना उपप्रमुख के पद पर कार्यरत एयर मार्शल सिंह 30 सितंबर को वायुसेना प्रमुख का कार्यभार संभालेंगे। सिंह को दिसंबर, 1984 में वायुसेना की लड़ाकू विमान पायलट श्रेणी में शामिल किया गया था।

### मुक्तेश परदेशी तुर्किये में भारत के राजदूत

वरिष्ठ राजनियक मुक्तेश कुमार परदेशी को तुर्किये में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया है। परदेशी, 1991 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के अधिकारी हैं और वह वर्तमान में विदेश मंत्रालय में सचिव के तौर पर कार्यरत हैं। पिछले साल सितंबर में भारत में आयोजित जी- 20 शिखर सम्मेलन की सफल मेजबानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधिकारियों के समूह में मुक्तेश भी शामिल थे।

### बच्चों के लिए एनपीएस वात्सल्य योजना शुरू

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एनपीएस वात्सल्य योजना की शुरुआत की, जिसमें माता-पिता को पेंशन खाते में निवेश कर अपने बच्चों के भविष्य के लिए बचत करने की सुविधा दी गई है। माता-पिता ऑनलाइन या बैंक या डाकघर जाकर एनपीएस वात्सल्य योजना का हिस्सा बन सकते हैं।

### यात्रियों से पहले रोबोट भेजेंगे अंतरिक्ष स्टेशन में

भारत 2035 तक अपना अंतरिक्ष स्टेशन लॉन्च करने की योजना बना रहा है। केंद्र सरकार ने हाल ही में इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ. एस सोमनाथ ने कहा है कि एक बार अंतरिक्ष स्टेशन बन जाने के बाद एजेंसी की योजना शुरुआती चरण में मिशन को रोबोटिक प्रकृति का रखने की है। भारतीय अंतरिक्ष यात्री इसे अपना बेस बनाएंगे। सोमनाथ ने कहा, हम योजना बना रहे हैं कि यह प्रकृति में अधिक रोबोटिक होगा, क्योंकि अधिकांश काम अब रोबोट द्वारा किया जाता है।

### भारतीय रेलवे चलाएगा भारत गौरव ट्रेन

भारतीय रेलवे आईआरसीटीसी और उत्तराखंड पर्यटन विकास निगम के साथ मिलकर उन तीर्थ यात्रियों के लिए भारत गौरव ट्रेन चलाएगा जो केदारनाथ, बदरीनाथ और अन्य तीर्थों की यात्रा करना चाहते हैं। भारत गौरव मानस खंड एक्सप्रेस से बदरी- केदार-कार्तिक स्वामी मंदिर यात्रा का आयोजन होगा। दस रात और 11 दिन के इस यात्रा पैकेज में ऋषिकेश, रूद्रप्रयाग, गुप्तकाशी, केदारनाथ, कार्तिक स्वामी मंदिर, ज्योतिर्मठ और बदरीनाथ जैसे तीर्थ स्थोलों की यात्रा शामिल होगी।

## अंतरराष्ट्रीय

### तीन अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर धरती पर लौटा रूसी स्पेस कैप्सूल



अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से तीन अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर रूसी सोयूज कैप्सूल धरती पर लौट आया है। इसमें दो रूसी और एक अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं। दो अंतरिक्ष यात्रियों ने रिकार्ड 374 दिन स्टेशन पर रहने के बाद वापसी की है। रूसी अंतरिक्ष यात्री ओलेग कोनोनेंको और निकोलाई चूब और अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री ट्रेसी डायसन को लेकर कैप्सूल कजाकिस्तान में उतरा। कोनोनेंको और चूब ने 15 सितंबर 2023 को अंतरिक्ष स्टेशन के लिए उड़ान भरी थी और आइएसएस पर सबसे लंबे समय तक निरंतर मिशन का रिकार्ड बनाया। वहीं, अपने तीसरे मिशन में डायसन ने छह महीने अंतरिक्ष में बिताए। आठ अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष स्टेशन पर बचे हैं, जिनमें बुच विल्मोर और भारतवंशी सुनीता विलियम्स भी शामिल हैं, जो पृथ्वी पर वापसी का इंतजार कर रहे हैं। वे बोइंग के नए स्टारलाइनर कैप्सूल के पहले चालक दल के रूप में जून में वहां गए थे, लेकिन उनकी यात्रा श्रस्टर समस्याओं व हीलियम लीक के कारण बाधित हो गई। स्टारलाइनर पर उनकी वापसी में जोखिम हो सकता है, इसलिए अब उन्हें अगले वर्ष वापस लाया जाएगा।

### मंगल के अंदर वैज्ञानिकों को मिला रहस्यमय ढांचा लाल ग्रह में बड़ी हलचल

वैज्ञानिकों और स्पेस एजेंसियों के लिए मंगल ग्रह लगातार दिलचस्पी लगातार बढ़ती रही है। मंगल ग्रह को लेकर वैज्ञानिक लगातार शोध कर रहे हैं। ऐसे ही एक शोध में हैरान करने वाली जानकारी सामने आई है। मंगल ग्रह के नीचे उस जगह शोधकर्ताओं को एक विशाल छिपी संरचनाओं को पता चला है, जहां कभी एक प्राचीन महासागर हुआ करता था। साइंस अलर्ट में प्रकाशित शोध के अनुसार, वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष मिशनों और एडवांस मॉडलिंग से मिले डेटा को मिलकर यह खोज की है। डेल्फ्ट यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के बार्ट रूट ने बर्लिन ने यूरोप्लेनेट साइंस कांग्रेस में शोध के नतीजों को प्रस्तुत किया है, जो इस ग्रह के रहस्यमय अंदरूनी भाग के बारे में दिलचस्प जानकारी देते हैं।

### अमेरिका की ध्रुवी मिस इंडिया वर्ल्डवाइड 2024 घोषित

अमेरिका में 'कंप्यूटर इन्फॉर्मेशन सिस्टम' की छात्रा ध्रुवी पटेल को 'मिस इंडिया वर्ल्डवाइड 2024' घोषित किया गया है। 'मिस इंडिया वर्ल्डवाइड' भारत से बाहर आयोजित की जाने वाली सौंदर्य प्रतियोगिता है। ध्रुवी हिंदी फिल्मों में अभिनेत्री और यूनिसेफ की दूत बनना चाहती हैं।

### भारत की मेजबानी में पहली बार अंतरराष्ट्रीय सौर महोत्सव संपन्न

6 सितंबर को नई दिल्ली में पहला अंतरराष्ट्रीय सौर महोत्सव संपन्न हुआ, जो सौर ऊर्जा के वैश्विक उत्सव का प्रतीक है. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित किया, तथा पिछले एक दशक में भारत की सौर ऊर्जा क्षमता में 32 गुना वृद्धि पर प्रकाश डाला. उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) के तेजी से विकास पर जोर दिया, जिसमें 2015 में अपनी स्थापना के बाद से अब तक 100 सदस्य देश शामिल हो चुके हैं. केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री प्रहलाद जोशी ने सौर ऊर्जा से संचालित भविष्य की ओर बढ़ने के लिए एकजुट प्रयासों का आह्वान किया. दो दिवसीय महोत्सव में सौर प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया गया, विशेषज्ञों के नेतृत्व में तकनीकी सत्र आयोजित किए गए तथा सतत् विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ानेमें सौर ऊर्जा की भूमिका का जश्न मनाया गया.

### यूक्रेन ने सुरक्षा खतरे के चलते टेलीग्राम पर लगाया प्रतिबंध

यूक्रेन ने सुरक्षा खतरों को देखते हुए टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप को इंस्टॉल करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। यूक्रेन के राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा केंद्र ने कहा कि उसने सरकारी कर्मचारियों, सैन्य कर्मियों और रक्षा कर्मचारियों को यह संदेश दे दिया है।

### अनुरा कुमारा दिसानायके ने कार्यकारी राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली

श्रीलंका में नेशनल पीपुल्स पावर पार्टी के नेता अनुरा कुमारा दिसानायके ने नौवें कार्यकारी राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली है। शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति सचिवालय में हुआ। श्री दिसानायके ने विपक्षी नेता साजिथ प्रेमदासा को नजदीकी मुकाबले में हराया। दूसरे दौर की मतगणना में उनकी जीत सुनिश्चित हुई।

### IAF-RAFO 'इंस्टकर्न ब्रिज-7' युद्धाभ्यास सफल

भारतीय वायु सेना (IAF) ने ओमान के मसीरा द्वीप पर ओमानी रॉयल एयर फोर्स (RAFO) के साथ 'इंस्टकर्न ब्रिज-7' युद्ध अभ्यास को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस संयुक्त सैन्य अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों की वायु सेनाओं के बीच सहयोग बढ़ाना और आपसी तालमेल को सुदृढ़ करना था। अभ्यास में भारतीय वायु सेना की ओर से मिग-29 और जगुआर जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमान शामिल थे, जबकि ओमानी रॉयल एयर फोर्स ने एफ-16 और हॉक लड़ाकू विमानों के साथ अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया। इस दौरान कई प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए, जिनमें युद्धक तकनीकों, रणनीतियों और सामरिक अभियानों पर विशेष ध्यान दिया गया।

### छोटी सी चिप देश की उड़ान को नई ऊंचाई देगी: मोदी

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी दौरे के अंतिम दिन न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड पहुंचे। 75 सालों के इतिहास में यह पहली बार है, जब कोई भारतीय पीएम यहां पहुंचे। मोदी ने यहां 15 हजार प्रवासी भारतीयों को संबोधित किया। अब हमारा नमस्ते ग्लोबल हो गया है। आप सभी भारत के सशक्त ब्रांड एंबेसडर हैं।

### डॉ. हरिनी अमरसूर्या श्रीलंका की नई प्रधानमंत्री



नेशनल पीपुल्स पावर के सांसद डॉ. हरिनी अमरसूर्या ने प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली है। राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने राष्ट्रपति सचिवालय में शपथ दिलाई। डॉ. अमरसूर्या, सिरिमावो भंडारनायके और चंद्रिका कुमारतुंगा के बाद श्रीलंका की तीसरी महिला प्रधानमंत्री बनी हैं। दिल्ली विश्व विद्यालय के हिन्दू कॉलेज में पढ़ी डॉ. हरिनी अमरसूर्या को श्रीलंका की 16 वां प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है।

## खेल / कला

### ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में छत्तीसगढ़ को मिला गोल्ड,यूपी को मिला दूसरा स्थान



ऑल इंडिया पुलिस वेटलिफ्टिंग क्लस्टर प्रतियोगिता में दुर्ग पुलिस की महिला आरक्षक कविता ठाकुर ने स्वर्ण पदक जीता है। यह पद उसने 57 kg पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में जीता है। यह चैंपियनशिप केंद्रीय और राज्यों के विभिन्न पुलिस बलों के बीच खेली जाती है। इसमें वेटलिफ्टिंग, योग और पावरलिफ्टिंग जैसे खेल शामिल हैं। कविता ठाकुर ने 57 किलो ग्राम पावर लिफ्टिंग में 327 प्वाइंट अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता है। वहीं उत्तर प्रदेश पुलिस की संगीता ने 325 प्वाइंट प्राप्त कर रजत पदक और 305 प्वाइंट लेकर तमिलनाडु की एन. पूमागल ने कांस्य पदक जीता है।

### भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 280 रनों से हराकर टेस्ट जीतों का आंकड़ा बढ़ाया

भारतीय टीम ने रोहित शर्मा की कप्तानी में बांग्लादेश को 280 रनों से हराकर टेस्ट इतिहास में एक बड़ा मुकाम हासिल किया। इस जीत के साथ, भारत ने टेस्ट क्रिकेट में 179 जीतें और 178 हारें दर्ज की हैं, जो पहली बार हुआ है। रविचंद्रन अश्विन के शानदार प्रदर्शन, जिसमें उन्होंने शतक के साथ 6 विकेट लिए, और जडेजा के ऑलराउंड योगदान ने इस जीत में अहम भूमिका निभाई।

### भारोत्तोलक धनुष ने जीता कांस्य पदक

भारतीय भारोत्तोलक लोगानाथन धनुष ने को आइडब्ल्यूएफ जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप के 55 किग्रा वजन वर्ग में कांस्य पदक जीता। यह जूनियर भारोत्तोलन विश्व चैम्पियनशिप में किसी भारतीय पुरुष एथलीट का पहला पदक है। इस 17 वर्षीय भारोत्तोलक ने कुल 231 किग्रा का वजन उठाया और स्नैच स्पर्धा में 107 किग्रा का वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। धनुष ने ग्रुप बी में हिस्सा लिया। ज्यादा वजन उठाने वाले भारोत्तोलकों को ग्रुप ए में रखा जाता है। इसके बाद ग्रुप बी और अन्य ग्रुप होते हैं।

### लगातार तीसरी बार काउंटी चैंपियन बना सरे

सरे करीबी प्रतिद्वंदी समरसेट की हार के बाद इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप क्रिकेट में लगातार तीसरा खिताब जीतने में सफल रहा। यह 1968 के बाद पहला अवसर है जब किसी टीम ने लगातार तीसरी बार काउंटी चैंपियनशिप जीती। समरसेट की टीम लंकाशर से 168 रन से हार गई थी जिससे सरे ने चैंपियनशिप के एक दौर पहले ही खिताब अपने नाम कर दिया। वह 23वीं बार काउंटी चैंपियन बना है जो यार्कशर के रिकार्ड 33 खिताब से 10 कम है।

### भारत ने एशियाई हॉकी चैंपियनशिप का खिताब जीता

भारत ने एशियाई हॉकी चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में वर्तमान चैंपियन भारत ने मेजबान चीन को एक-शून्य से हराकर पांचवीं बार खिताब अपने नाम किया। चौथे क्वा टर में भारत की ओर से जुगराज सिंह ने शानदार गोल किया। इस टूर्नामेंट में भारत अपने सभी मैचों में अजेय रहा है। इस प्रतियोगिता में चीन ने रजत और पाकिस्ता न ने दक्षिण कोरिया को हराकर कांस्य पदक जीता।

### संतोष कश्यप होंगे राष्ट्री य सीनियर महिला टीम के नए प्रमुख कोच

अखिल भारतीय फुटबॉल परिसंघ ने संतोष कश्यप को राष्ट्रीय सीनियर महिला टीम का प्रमुख कोच नियुक्त किया है। श्री कश्यप के साथ प्रिया पीवी सहायक कोच और रघुवीर प्रवीण खानोलकर गोलकीपर कोच के रूप में काम करेंगे। श्री कश्यप के प्रशिक्षण में पहली प्रतियोगिता- दक्षिण एशिया फुटबॉल परिसंघ महिला चैंपियनशिप 17 से 30 अक्टूबर तक नेपाल के काठमांडू में आयोजित होगी। इस चैंपियनशिप की तैयारियों के लिए 29 सदस्यीचय दल का प्रशिक्षण 20 सितंबर से गोवा में होगा। श्री संतोष कश्यप के पास लगभग एक दशक का कोचिंग अनुभव है इस दौरान उन्होंने मोहनबागान और सलगांवकर जैसे प्रतिष्ठित फुटबॉल क्लबों को प्रशिक्षण दिया है।

### शतरंज ओलिंपियाड 2024, भारत ने पहली बार पुरुष और महिला वर्ग में जीता स्वर्ण



भारत ने 45वें शतरंज ओलिंपियाड 2024 में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए पहली बार पुरुष और महिला दोनों टीमों ने स्वर्ण पदक जीते। ग्रैंडमास्टर डी गुकेश, अर्जुन एरिगैसी और आर प्रगनानंद की पुरुष टीम ने स्लोवेनिया को 3-0 से हराया, जबकि महिला टीम, जिसमें डी हरिका, दिव्या देशमुख और वंतिका अग्रवाल शामिल थीं, ने अजरबैजान को 3.5-0.5 से मात दी। इससे पहले भारत ने 2014 और 2022 में कांस्य पदक जीते थे। इस जीत ने भारतीय शतरंज के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ा है।

### भालाफेंक में नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग में रजत जीता

भालाफेंक खिलाडी नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग का रजत पदक जीत लिया है। बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में, नीरज ने 87.86 मीटर का थ्रो किया जो उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो था और वे केवल 1 सेंटीमीटर के अंतर से स्वर्ण जीतने से चूक गए। प्रतियोगिता का स्वर्ण पदक पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता एंडरसन पीटर्स ने जीता। जर्मनी के जूलियन वेबर तीसरे स्थान पर रहे। यह लगातार दूसरा मौका है जब नीरज डायमंड लीग में उप-विजेता रहे हैं।

### दीपाली थापा ने यूएई में पहली एशियाई स्कूल गर्ल्स चैंपियनशिप जीती

भारतीय मुक्केबाज़ दीपाली थापा ने संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित पहली एशियाई स्कूल गर्ल्स चैंपियनशिप जीत ली है. इस जीत के साथ भारत ने इस प्रतियोगिता में महिला वर्ग में अपना सातवां खिताब सुरक्षित कर लिया है. 33 किलोग्राम भार वर्ग में दीपाली ने यूक्रेन की ल्यूडम्यला वेस्लच्येनको को हराया. वहीं, 35 किलोग्राम भार वर्ग में भारत की भूमि ने कजाख्स्तान की एसेल जालिमबेकोवा को फाइनल में हराकर भारत के लिए दूसरा खिताब जीता

### भारत के कमल चावला ने आईबीएसएफ विश्व पुरुष सिक्स रेड स्नूकर चैंपियनशिप जीती

भारत के कमल चावला ने मंगोलिया के उलानबटोर में आईबीएसएफ विश्व पुरुष- सिक्स रेड स्नूकर चैंपियनशिप जीत ली है। चावला ने फाइनल में पाकिस्तान के असजाद इकबाल को 6-2 से हराकर अपना पहला आईबीएसएफ विश्व खिताब जीता। भारत के लिए तीन और कांस्य पदक जीते।





श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

# मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना

## तकनीकी एवं अन्य व्यवसायिक शिक्षा में सहयोग

2 लाख रुपए वार्षिक आय से कम आय वाले परिवारों के छात्रों को 1% की ब्याज दर पर शिक्षा ऋण

माओवाद प्रभावित क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए मिलेगा ब्याज मुक्त ऋण

## छत्तीसगढ़ में युवाओं के लिए खुले अवसरों के द्वार

- नया रायपुर में आईटी हब
- पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया
- शासकीय भर्तियों में आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट



श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

# युवाओं की सरकार विष्णु देव सरकार

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए QR CODE स्कैन करें।

विष्णु के सुशासन से सँवर रहा छत्तीसगढ़

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

छत्तीसगढ़ शासन

विष्णु के सुशासन से
सँवर रहा छत्तीसगढ़



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

# सुशासन से
# विकास की नई राह



- कृषक उन्नति योजना : धान का प्रति क्विंटल 3100 रुपए मिल रहा दाम, खेती-किसानी से खुले समृद्धि के द्वार
- पीएम आवास: छत्तीसगढ़ में 18 लाख गरीब परिवारों को अपना मकान
- शासकीय भर्ती में आयु सीमा में छूट: पुलिस विभाग सहित शासकीय भर्तियों में युवाओं को अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट
- भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित
- मुफ्त अनाज: छत्तीसगढ़ के 68 लाख गरीब परिवारों को अगले पांच साल तक नि:शुल्क राशन
- तेंदूपत्ता संग्राहक पारिश्रमिक: 4000 रुपये से बढ़ाकर 5500 रुपये प्रति मानक बोरा
- 'नियद नेल्ला नार' अभियान के साथ नक्सल समस्या के पूर्ण निदान के प्रभावी कदम
- त्वरित निर्णय, सख्त प्रशासन: विष्णु देव सरकार में अब तक 143 माओवादी मुठभेड़ में ढेर, 599 की गिरफ्तारी, 510 ने किया आत्मसमर्पण

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए यह क्यू आर कोड स्कैन करें

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क


मयंक श्रीवास्तव - मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ संवाद की ओर से मे. डीबी कार्प. लिमिटेड, प्लाट नंबर 40/44 इण्डस्ट्रियल एरिया, उरला रायपुर से मुद्रित, छत्तीसगढ़ संवाद, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर 19, अटल नगर, नवा रायपुर से प्रकाशित। संपादक-जवाहर लाल दरियो